संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 10 मई 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 127 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

- पाकिस्तान की ओर से सीमा पर भारी गोलीबारी कर 36 से ज्यादा जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की गई
- बीएसएफ ने घुसपैठियों को मार गिराया और घुसपैठ को नाकाम कर दिया: कर्नल कुरैशी

# नापाक हरकत: पाक नागरिकों को ढाल बना रहा: भारत

### जवाबी कार्रवाई

**ड्रोन-मिसाइल से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात पंजाब में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश पाकिस्तान देश अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तानी ने गुरुवार की रात हमास की तरह ड्रोन-मिसाइल से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात और पंजाब में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमले को नाकाम कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के नौ शहरों में जबरदस्त हमला भी किया।

**पाक सेना ने भारतीय सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना**
प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि गुरुवार देर रात पाकिस्तान ने जम्मू एयरपोर्ट, यूनिवर्सिटी और सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइल से निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय डिफेंस सिस्टम ने काउंटर अटैक करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले को नाकाम किया। साथ ही पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को पूरी तरह नष्ट भी कर दिया। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना को भारी नुकसान हुआ है।

**एलओसी पर 36 जगहों से की घुसपैठ की कोशिश**
कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से सीमा पर भारी गोलीबारी कर 36 से ज्यादा जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की गई। बीएसएफ ने घुसपैठियों को मार गिराया और घुसपैठ को नाकाम कर दिया।
कर्नल कुरैशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाकिस्तान ने एलओसी पर रात भर भारी फायरिंग की, जिसमें कुछ जवान घायल हो गए हैं।



### पाकिस्तान ने की उकसाने वाली कार्रवाई: विक्रम मिसरी

**विदेश** सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि गुरुवार रात की पाकिस्तानी सेना की कायरतापूर्ण गतिविधियां आपको बता दी गई हैं। पाकिस्तान ने उकसाने वाली कार्रवाई की। पाक आर्मी ने भारतीय शहरों और बुनियादी ढांचे और सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया। भारतीय डिफेंस सिस्टम ने इनका मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया, जबकि पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया है। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय सेना ऐसा कर रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों और आक्रमणों को मानने से इनकार कर रहा है। दूसरी ओर दुनिया को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमने (भारत) ने ननकाना साहिब पर ड्रोन हमला किया है। पाकिस्तान इस मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रा है। पहलगाम आतंकी हमले में भी यही किया था।

### भारतीय वायुसेना की सराहनीय पहल

**विंग** कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट था। हमारा एयरस्पेस सिविल फ्लाइट्स के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान हवाई क्षेत्र में नागरिक उड़ान लगातार चल रही थी। गुरुवार देर शाम हमले के वक्त कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में नागरिक विमान उड़ान भर रहे थे। पाकिस्तान ने अपनी इस हरकत से सैकड़ों यात्रियों की जान जोखिम में डाली। विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि ऐसे में भारतीय वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई के दौरान बेहद संयम दिखाया और जवाबी हमले को सीमित रखा। भारतीय वायुसेना ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा ताकि आम नागरिकों को किसी तरह का नुकसान न हो। इस दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल कुरैशी ने कराची और लाहौर में नागरिक विमान उड़ान भरने और उसके टाइम की तस्वीर दिखाई।

## नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा: सेना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमले को विफल करने के बाद हालात पर चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में दो घंटे चली इस समीक्षा बैठक में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने लड़ाकू वर्दी पहनकर हर तरह का मुकाबला करने का संदेश दिया। देश की वर्तमान सुरक्षा स्थिति पर तीनों सेनाओं ने सरकार को भरोसा दिलाया कि राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह सहित सेना के शीर्ष अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों पर भारत की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर हुई, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद भारतीय सेना ने 8 और 9 मई की मध्यरात्रि के दौरान पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को नाकाम किया।

### 14 इन्फैंट्री बटालियनों को किया गया सक्रिय

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना संगठित करने के लिए अधिकार बढ़ा दिए हैं। प्रादेशिक सेना नियम 1948 के नियम 33 के तहत सेना प्रमुख अब प्रादेशिक सेना के सभी अधिकारियों और नामांकित कार्मिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सैन्य अभियानों में सहायता करने के लिए बुला सकते हैं। उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी कमान में प्रादेशिक सेना की 14 इन्फैंट्री बटालियनों को सक्रिय किया गया है।*

## देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं: शिवराज सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर शुक्रवार को मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में शिवराज ने कहा कि अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। देश में गेहूं, चावल व अन्य अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है। किसानों से खरीद भी जारी है। यह संतोष की बात है कि हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारे देश का संकल्प है। आतंकवादियों को हम नहीं छोड़ेंगे, उनके ठिकाने, उनके अड्डे तबाह करने के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है। चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मीट्रिक टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं है, पिछले साल के 1378.25 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले इस साल 1464.02 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। गेहूं पिछले साल था 1132.92 लाख मीट्रिक टन, जो इस बार 1154.30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन अनुमानित है, जिसमें और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। शिवराज सिंह ने बताया कि दालों का उत्पादन भी भरपूर हुआ है, जो 242.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया, वहीं कुल तिलहन 396.69 लाख मीट्रिक टन से 428.98 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो गया है। फल-सब्जियों की भी चिंता नहीं है, बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 3621 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख मीट्रिक टन था, जो इस बार 595.70 लाख मीट्रिक टन है। प्याज 242.67 लाख मीट्रिक टन था, जो इस साल 288.77 लाख मीट्रिक टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 215.49 लाख मीट्रिक टन है। शिवराज ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कई बार गांव खाली कराए जाते हैं तो ऐसे में हम यह आंकलन भी कर रहे हैं कि वहां अभी कौन-सी फसल बोई जाती है, जिसके लिए बीज व प्लांटिंग मटेरियल भी हम तैयार रखेंगे।

**देश में गेहूं, चावल व अन्य अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है। किसानों से खरीद भी जारी है**

## बैंकों ने कहा-एटीएम में पर्याप्त नकदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी।
एसबीआई ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं, जो जनता के लिए उपलब्ध हैं।

### देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक: तेल कंपनियां

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन स्टॉक का आश्वासन देते हुए कहा कि घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं है। आईओसी का ये बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं।*

## भारत-पाक तनाव के बीच 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जबकि 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स को 10 मई तक यातायात के लिए बंद किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर जिन राज्यों के एयरपोर्ट को बंद किया गया है, उनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की जारी एडवाइजरी के बाद विमानन कंपनियों ने शुक्रवार को यात्रियों को अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित समय पर पहुंचने की सलाह दी है। वहीं, इंडिगो और एअर इंडिया एयरलाइंस ने 10 मई की रात 12 बजे तक श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़,



धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट की अपनी सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। पाकिस्तान के भारत पर ड्रोन अटैक के बाद सिविल एविएशन डिपॉर्टमेंट ने नई एडवाइजरी जारी की है। इसको देखते हुए अब यात्रियों को दोहरी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इसको लेकर एअर इंडिया, आकासा, स्पाइसजेट और इंडिगो एयरलाइन ने 3 घंटे तक पहले एयरपोर्ट पहुंचने को कहा है। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि हवाई अड्डा पर कामकाज सामान्य है, लेकिन कुछ उड़ानों पर एयरस्पेस और सुरक्षा कारणों से असर पड़ा है। एअर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के बारे में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी आदेश के मद्देनजर पूरे भारत में यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित प्रस्थान से कम से कम 3 घंटे पहले पहुंचें, ताकि चेक-इन और बोर्डिंग में कोई दिक्कत न हो। चेक-इन प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाता है।

## पीएम ने गुजरात के सीएम से की बात, नागरिकों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सीमावर्ती राज्य के रूप में तैयारियों तथा सीमा पर तनाव की वर्तमान स्थिति को लेकर बातचीत की और उन्हें नागरिकों की सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पटेल ने एक्स पोस्ट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे टेलीफोन पर बातचीत की और सीमावर्ती राज्य के रूप में गुजरात की तैयारियों तथा सीमा पर तनाव की वर्तमान स्थिति में राज्य सरकार द्वारा की गई अग्रिम योजना का विवरण प्राप्त किया।

## किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें बैंक: सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच शुक्रवार को बैंकों से किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) एंव प्रबंध निदेशकों (एमडी) के साथ नई दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय



बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने बैंकों को किसी भी स्थिति या संकट से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया, ताकि देशभर में नागरिकों, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। वित्त मंत्री ने कहा, "बैंकिंग सेवाएं, भौतिक और डिजिटल दोनों, बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ी के काम करनी चाहिए और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट और परखा जाना चाहिए।"

### प्रोटोकॉल

**आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट और परखा जाना चाहिए**

## नड्डा ने की सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजधानी नई दिल्ली में एक के बाद एक कई बैठकों का दौर जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। निर्माण भवन में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कंट्रोल सेंटर से पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि देश के अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान



### समीक्षा

**देश के अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं: जेपी नड्डा**

**एहतियाती** भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है और नियंत्रण रेखा पर बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा

## गृह मंत्रालय ने राज्यों को आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखा है। एमएचए ने पत्र में मुख्य सचिव और प्रशासकों को युद्ध या युद्ध जैसे हालात की स्थिति में आवश्यक एहतियाती उपायों के कुशल कार्यान्वयन के लिए नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को



आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इस पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है और नियंत्रण रेखा पर बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है, जिससे युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

**आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित**
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि 'फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे।' इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गए सवाल में उन्होंने कहा कि 'सभी बोर्ड हमारा

### आदेश

**नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया**

## सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे लोगों के लिए विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे यात्रियों के लिए विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन का निर्देश दिया है। मंत्री के निर्देश पर आज जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया गया। रेल मंत्री ने रेल भवन में रेल परिचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ



समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्रालय ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देश पर 9 मई को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया। रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया।

### परिचालन

**मंत्री के निर्देश पर आज जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया गया**

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 10 मई 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# महिला सरपंच को सैल्यूट: ऑपरेशन सिंदूर के लिए दान किया पांच साल का वेतन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बहादुरगढ़ (हरियाणा):** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से लिया है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पाकिस्तान में घूसकर कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इससे दुश्मन देश बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान अब भारत पर मिसाइल्स व ड्रोन हमले कर रहा है, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। दोनों देशों के बीच युद्ध से हालात बने हुए हैं। देश के लोग पाकिस्तान को उसकी इस हिमाकत का करारा जवाब देने के लिए भारतीय सेना को पराक्रम की हौसला अफजाई कर रहे हैं। ऐसे में पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा हो गया है। देश का बच्चा, बूढ़ा और महिलाएं भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए सरकार को हरसंभव सहायता के लिए आगे आ रही हैं। ऐसे हालात में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए हरियाणा के बहादुरगढ़ के गांव परनाला हसनपुर की महिला सरपंच मुकेश अशोक राठी ने जो साहस दिखाया है, उसके लिए हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। महिला सरपंच मुकेश देवी ने अपना पांच साल का मानदेय केंद्र सरकार के सहायता कोष में देने का फैसला लिया है। उनके इस फैसला का पूरा गांव ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश स्वागत कर रहा है। महिला सरपंच मुकेश देवी दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।



**भारत माता की जय से गूंजा गांव:** महिला सरपंच मुकेश अशोक राठी के इस फैसले को लेकर गांव में बैठक भी की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। सभी ने बैठक में भारत माता की जय के नारे भी लगाए। गांव में पंच और महिलाओं के साथ बैठक कर सरपंच मुकेश देवी और उनके पति सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने यह फैसला लिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए दान किए तीन लाख सरपंच मुकेश और एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने बताया कि हरियाणा सरकार की तरफ से हर महीने सरपंच को 5 हजार मानदेय मिलता है जो पांच साल में तीन लाख रुपये होता है। अब उन्होंने इस मानदेय को 3 लाख रुपये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि आतंक का पूरी तरह सफाया होना मानवता के लिए जरूरी है।

**मिसाल**

पाकिस्तान अब भारत पर मिसाइल्स व ड्रोन हमले कर रहा है, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है

## राजकीय प्राथमिक स्कूल से सामान ले गए चोर

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के मोहन नगर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। स्कूल की हेडमास्टर कविता ने बताया कि गत पांच मई को स्कूल से किसी ने पानी की मोटर, डस्टबीर व तार पाइप चोरी कर लिए। अपने स्तर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कमलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अजय,** पुत्र रामफल निवासी-1159, कुंजपुरा, करनाल, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 153/2016 धारा 380/411 भा.द.स थाना आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अजय, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 153/2016 धारा 380/411 भा.द.स थाना आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री प्रणव जोशी**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-01
02, ग्राउंड फ्लोर, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5819/IGIA/2025

## फोर्स की मूवमेंट की जानकारी सोशल मीडिया पर न करें साझा




**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सिविल कक्ष में डिफेंस मॉक ड्रिल की डीब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, सिविल डिफेंस कर्मी, आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के दौरान एकत्रित जानकारियों, अनुभवों और चुनौतियों का विश्लेषण करना तथा भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक, तकनीकी एवं मानवीय संसाधनों की तैयारियों का मूल्यांकन करना था। पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सशस्त्र बलों (आर्म्ड फोर्सेस) की मूवमेंट या गतिविधियों से जुड़ी किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर साझा करने से बचें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियों का किसी भी माध्यम से प्रसार न केवल गैर-जिम्मेदाराना कृत्य है, बल्कि यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करने से पहले उसकी सत्यता, संवेदनशीलता और संभावित प्रभावों पर विचार करें। किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति, गतिविधि या सूचना को तुरंत संबंधित सुरक्षा एजेंसी या प्रशासन को सूचित करें। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल न केवल आपदा प्रबंधन की क्षमताओं को परखने का एक प्रभावी माध्यम है।

**बैठक**

लघु सचिवालय के सभागार में सिविल कक्ष में डिफेंस मॉक ड्रिल की डीब्रीफिंग बैठक का आयोजन

## श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योगोत्सव कार्यक्रम में एक हजार साधकों ने किया योग

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** धर्म, सेवा और योग की पावन भूमि कुरुक्षेत्र से आज श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने पूरे विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का संदेश दिया। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (आयुष मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर तीर्थ के पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित 43वें काउंटडाउन योगोत्सव कार्यक्रम में एक हजार से अधिक साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर भारत की सांस्कृतिक और आयुष परंपरा को जीवित किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 बजे कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के नेतृत्व में हुई। मुख्य मंच पर नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा, पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य देवेंद्र खुराना समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 15 से अधिक योग संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. शीतल सिंगला के निर्देशन में योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया, जबकि संचालन की जिम्मेदारी सहायक कुलसचिव अतुल गोयल ने निभाई। योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला: ढांडा इस अवसर पर नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने की भारतीय कला है,जिसे पूरी दुनिया अपनाने लगी है। यह हमारी सभ्यता की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं व युवाओं से योग अपनाने की अपील की। योग से मानसिक शांति व ऊर्जा मिलती है: उमा सुधा नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे प्रतिदिन योग करती हैं, जिससे उन्हें मानसिक शांति और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि "योग अब एक विकल्प नहीं,जीवनशैली बनना चाहिए। योग से पूरी दुनिया को शांति और स्वास्थ्य का संदेश दे रहे: प्रो. धीमान कुलपति प्रो. धीमान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि "यह वही पावन भूमि है जहां श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। आज उसी भूमि से हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को शांति और स्वास्थ्य का संदेश दे रहे हैं।



**आयुष परंपरा**

सामूहिक योगाभ्यास कर भारत की सांस्कृतिक और आयुष परंपरा को जीवित किया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इरफान, पुत्रः मोहम्मद इलियाद, पताः ए–244–245, तीसरी मंजिल, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ल** ने **FIR No. 176/2015, U/s 354 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इरफान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 176/2015, U/s 354 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद इरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**महिला न्यायालय, उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 106**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5636/NW/2025

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राईम** यूनिट वेस्ट व सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रिंस निवासी बागपत,सौरभ निवासी माहरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड व दूसरे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पाइप देने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि ठगी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने गांव बिंदरौली की कंपनी के लेखाकार को ऑनलाइन पाइप बेचने के नाम पर 18.44 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर के पास स्थित बिल्डर कंपनी के लेखाकार राम भगत ने बताया कि उनकी कंपनी कंस्ट्रक्शन का काम करती है। उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया था, जिसमें ठग ने खुद को त्रिवेणी प्रसाद एंड कंपनी का कर्मी बताया था। उसने लिखा था कि वह एपीएल अपोलो एमएस पाइप की आपूर्ति करते हैं। बातचीत होने पर राम भगत ने पाइप मंगवाने के लिए कंपनी के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते आरोपी के नंबर में छह लाख रुपये भेज दिए। बाद में 6 फरवरी को व्हाट्सएप पर जानकारी दी कि सामान तैयार है। इसके बाद 12 फरवरी को बैंक के खाते से छह लाख, 13 फरवरी को 6.44 लाख भेजे गए। बाद में उनके पास एक गाड़ी नंबर व चालक जाहिर खान की डिटेल भेजी गई। गाड़ी की आरसी और ड्राइवर का लाइसेंस भी भेजा गया। उसके बाद भी सामान नहीं आया। बाद में मोबाइल बंद आने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई गिरीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**फर्जीवाड़ा**

जांच अधिकारी एसआई गिरीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है

### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण), उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सरोजिनी नगर, नई दिल्ली में 71 टाइप–V आवासीय क्वार्टरों के संबंध में विद्युतीकरण (क्वार्टरों और परिसंचारी क्षेत्र की वायरिंग और प्रकाश व्यवस्था और अन्य संबद्ध कार्य)। |
| 2 | कार्य समापन अवधि | 12 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 4,68,08,305.44 |
| 4 | धरोहर राशि | ₹ 3,84,000/- |
| 5 | ई–निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 30.05.2025 समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 30.05.2025 समय 11:30 बजे खोला जाएगा। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 16.05.2025 से 30.05.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

संख्याः 17–वि./उप मु. वि. अभि./सी./टी./156, दिनांकः 08.05.2025 1377/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## रोडवेज बेड़े में शामिल होगी पांच नई लॉरी, अंतिम चरण में पहुंच चुकी कागजी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: रोडवेज** विभाग की तरफ से सोनीपत डिपो में अप्रैल माह के अंतिम दिनों में भेजी की रोडवेज की पांच लॉरी जल्द से जल्द बेड़े में शामिल होगी। विभाग की तरफ से कागजी प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। पासिंग की प्रक्रिया अभी बाकी है। आगामी एक सप्ताह के अंदर ही बसें लोगों के सफर के लिए सड़कों पर मौजूद रहेगी। नई बसों को लंबे रूटों पर चलाने का फैसला विभाग की तरफ से किया गया है। ताकि लंबा सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि जिला सोनीपत की नजदीकी देश की राजधानी से है। सोनीपत बस डिपो में मौजूदा समय में 124 बसें सड़कों पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही हैं। वहीं पांच नई बसें शामिल होने के बाद सोनीपत बस डिपो में बसों की संख्या बढकर 129 हो जाएंगी। ऐसे में कई महत्वपूर्ण रूटों पर यात्रियों को नई बसों की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। जिसके अंतर्गत सोनीपत से बागपत, सोनीपत से दिल्ली, सोनीपत से कटरा, सोनीपत से शिमला आदि प्रमुख रूट शामिल हो सकते हैं। मौजूदा समय में सबसे अधिक

### उत्तर रेलवे
#### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर0 संचार अभि0/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टैंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_11 dated 09.05.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद में इलेक्ट्रिक इंजनों के रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधाओं का विकास के लिए प्रशासनिक भवन में सीसीटीवी प्रणाली और ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम की आपूर्ति |
| अनुमानित लागत | रुपये 48,55,089.14/– |
| धरोहर राशि | रुपये 97100.00/– |
| समापन अवधि | 06 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 02.06.2025 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 02.06.2025 को 11:30 बजे। |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र सं.GSU_DLI_SNT_14 dated 09.05.2025 दिनांक : 09.05.2025 1381/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चोट मारकर छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने चोट मारकर रुपये छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी व गौरव निवासी इंद्रलोक गली ओल्ड तहसील सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। शिव कॉलोनी निवासी रितिक ने गत दो मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया वह डिलीवरी बॉय का काम करता है। रात करीब 11 बजे कंपनी की तरफ से डिलीवरी का सामान देने ओल्ड तहसील गया था। वह कस्टमर के घर के लोकेशन पर जाने लगा। उसके आगे गली बंद मिली। उसी दौरान कार में सवार होकर युवक आया।

### उत्तर रेलवे
#### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टैंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत SSE/P.Way/KKD और SSE/P.Way/KUN सेक्शन में फिटिंग्स नवीनीकरण (TFR) (23+23.64 किमी) के माध्यम से। |
| अनुमानित लागत | रु.10463515.15/- |
| धरोहर राशि | रु.202300/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 06 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 03.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 03.06.2025 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| सामान प्रकार के कार्य | CTR/TRR/TFR/TTR में ट्रैक का उठाना, स्क्रीनिंग, टैक का डिस्टेंसिंग, ट्रैक रखरखाव मशीनों जैसे कि टैम्पिंग मशीनें/बॉलास्ट स्क्रीनिंग/नियमन मशीनों के लिए पूर्व और पश्चात कार्य और TTR द्वारा T-28 शामिल हैं। |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तो के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
पत्र संख्या : 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू–I (NIT-07)
दिनांकः 09.05.2025 1387/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली के आईटीओ में 7 मिनट तक बजा सायरन

□ आपात स्थिति में सुरक्षित रहने के दिए गए मंत्र □ दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई, सायरन बजने से पहले डीएम ने एडवाइजरी जारी की □ यह सिर्फ हवाई हमले से बचाव की लिए टेस्ट किया जा रहा

**एडवाइजरी**

□ सिविल डिफेंस कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि आपात स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र में (शुक्रवार) दोपहर तीन बजे सायरन बजा। सायरन करीब सात मिनट तक ही बजा। इस दौरान सिविल डिफेंस कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि आपात स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखें।
इसके पहले डीएम ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अपील की थी कि घबराना नहीं है। यह सिर्फ हवाई हमले से बचाव की लिए टेस्ट किया जा रहा है। बता दें कि आटीओ क्षेत्र में 20 मिनट तक सायरन बजने की बात कही गई थी लेकिन, सात मिनट तक ही सायरन बजा। इससे पहले लोगों से अपील की गई थी कि सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार किया जाए ताकि आम जनता को टेस्टिंग के बारे में जानकारी हो सके। वहीं, लोगों से यह भी अपील की गई थी कि घबराने नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाए।

**रुक-रुककर और लंबा सायरन बजने में क्या है अंतर?**
जिला प्रशासन के लोग जगह-जगह घूमकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि दोपहर तीन बजे आईटीओ इलाके में सायरन बजेगा, जो मॉकड्रिल है तो परेशान नहीं होना है।
इसमें ये भी बताया गया कि रुक-रुककर सायरन बजे तो इसका मतलब खतरे से होता है और अगर सायरन लंबा बजे तो इसका मतलब है खतरा टल गया है।



## तनाव के कारण सीए की परीक्षाएं स्थगित

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। देशभर में तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2025 में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) परीक्षाओं के शेष पेपरों को स्थगित करने की घोषणा की है। यह परीक्षाएं 9 से 14 मई तक आयोजित होने वाली थीं।आईसीएआई ने शुक्रवार को एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि 09 से 14 मई तक निर्धारित सभी परीक्षाएं, जिनमें फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स की परीक्षाएं भी हैं, उन्हें स्थगित कर दिया गया है।*

## स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीडीसीए की ऑफिशियल ई-मेल पर यह धमकी भरा मेल आया है। बता दें यह जानकारी खुद डीडीसीए सुबह साढ़े ग्यारह बजे मिला धमकी भरा मेल। मेल में लिखा था भारत ने पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला किया था, हम भी अरुण जेटली स्टेडियम में आपरेशन डीडीसीए के तहत बम से उड़ाएंगे।*

## डूसू अध्यक्ष ने परीक्षा तिथियों को स्थगित करने की मांग की

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रौनक खत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह से परीक्षा तिथियों को स्थगित करने की मांग की। खत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रत्याशित तनाव को देखते हुए देश भर के कई छात्र जो तैयारी के लिए छुट्टी पर घर गए थे। अब वह यहां आने से घबरा रहे है। सभी छात्रों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा तिथियों को स्थगित कर देना ही बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं।*
*बच्चों की सुरक्षा भय के कारण अपने बच्चों को घर वापस बुला रहे हैं। खत्री ने बताया कि परीक्षाएं 13 मई से शुरू होने वाली हैं लेकिन मौजूदा स्थिति ने छात्रों और उनके परिवारों में चिंता पैदा कर दी है।*

## हत्या के प्रयास के माले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (उत्तर क्षेत्र-) ने चार महीने से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान संतोष उर्फ जय (29) और पुनीत उर्फ पुन्नू (27) के रूप में हुई है। दोनों समायपुर बदली के रहने वाले है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपितों पर इस वर्ष जनवरी में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोप था।
**हमले की थी साजिश:** क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि 19 जनवरी 2025 की शाम को प्रियंश यादव उर्फ प्रिंस अपने दोस्तों के साथ समायपुर बदली इलाके में मौजूद था।

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच सोशल मीडिया पर फर्जी दावों की बाढ़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच वहां की मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक फर्जी दावों की बाढ़ आ गई है। फर्जी वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से झूठे दावे किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं इनके माध्यम से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाकर देश में ही नहीं बल्कि विश्व को भी गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें जम्मू पर पाकिस्तानी हमले का दावा किया जा रहा है।




पीआईबी फैक्ट चेक ने इस झूठ का पदार्फाश करते हुए कहा कि यह वीडियो मूल रूप से ढाका का है। फरवरी 2025 के समय की एक रिपोर्ट है। चाइना डेली की एक न्यूज रिपोर्ट में झूठा दावा किया गया है कि कश्मीर में कम से कम तीन भारतीय जेट क्रैश हुए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि यह तस्वीर 2019 की एक पुरानी घटना की है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने एडवेंचर राइड 2.0 को झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली से लैंसडौन उत्तराखंड तक की एडवेंचर राइड 2.0 झ ह्वाबाइक का जुनून, देवभूमि का सुकूनह्ल को हरी झंडी दिखाकर रवाना। यह कार्यक्रम पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा विभिन्न कॉर्पोरेट और संस्थागत साझेदारों के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस राइड का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस मौके पर बाइक राइड के प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल साहसिक राइड नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाज के प्रति समर्पण की एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने टीम वर्क, अनुशासन और नागरिक कर्तव्य की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। यात्रा के दौरान बाइकर्स न केवल पौधारोपण करेंगे, बल्कि स्थानीय समुदायों से जुड़कर सामाजिक संदेश भी फैलाएंगे। इस पहल के प्रमुख उद्देश्य—पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना, सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना, और टीम भावना को सशक्त करना है।



## नकली किताबों के गोरखधंधे का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने नकली किताबों के गोरखधंधे का पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान राम देव गुप्ता के रूप में हुई है। वह सोनिया विहार इलाके में नकली किताबों का भंडारण और वितरण कर रहा था। पुलिस ने चार अलग-अलग ठिकानों से करीब 9546 नकली पुस्तकें, 1471 होलोग्राफिक स्टीकर और अन्य प्रकाशकों की एक लाख से अधिक फर्जी किताबें जब्त की हैं। मामला कॉपीराइट अधिनियम के तहत दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि तीन मई को द्वारका निवासी उत्कर्ष राज ओझा ने खजूरी खास थाने में शिकायत दर्ज कराई।वह भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा एस. चंद एंड कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने बताया कि सोनिया विहार क्षेत्र में उनकी कंपनियों की नकली किताबें बेची जा रही हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

## डकैती के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार



**सफलता**

□ पुलिस ने डकैती के मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, डकैती में अपनी संलिप्तता कबूल की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भजनपुरा थाना पुलिस ने डकैती के मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मनीष उर्फ तोतू, जुबैर, सादिक और साबिर उर्फ राजू के रूप में हुई है।
पुलिस जांच में पता चला है कि राजू 25, मनीष 10, सादिक 12 और जुबैर दो मामलों में पहले से शामिल रहे हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने डकैती में अपनी संलिप्तता कबूल की और अपने एक अन्य साथी के बारे में जानकारी दी। आगे की जांच में पता चला कि इस डकैती से कुछ ही समय पहले इन्होंने थाना न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में भी एक डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल एक चोरी की बाइक, एक लोहे की रॉड, दो टोपी और एक हेलमेट बरामद किया है पुलिस के अनुसार छह मई की सुबह पांच बदमाशों ने एक दूध कारोबारी के साथ डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने चाकू की नोकपर पीड़ित से सात हजार रुपये व मोबाइल फोन लूटा और फरार हो गए। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपितों की पहचान कर चारों को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस इनके पांचवें साथी की तलाश कर रही है।

## समस्याओं के जल्द समाधान के विधायक सतीश ने दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को गौतम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित जनसुनवाई में हिस्सा लिया। उन्होंने एक्स पर बताया कि जनसुनवाई में हौज खास वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी समस्याएं साझा कीं। सतीश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली लोक निर्माण विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी विभागों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं अनेक हैं और कुछ मामलों में समय लग सकता है। उन्होंने हर शिकायत पर गंभीरता से कार्य करने का नागरिकों को भरोसा दिया। सतीश उपाध्याय ने कहा कि कई समस्याओं के समाधान तो थोड़ा ज्यादा समय लगेंगे। इसलिए अगली जनसुनवाई 15 दिन बाद होगी।



## ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से लोगों को शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से तीन स्मार्टफोन, दो सिम कार्ड और डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम जिलेके डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपिधों की पहचान प्रशांत जांगिड़ (25) और प्रद्युम्न सिंह चौहान (26) के रूप में हुई है। यह दोनों राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। डीसीपी के अनुसार आरोपितों ने पालम गांव निवासी सैमुअल थॉमस शिकायतकर्ता से 36.48 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस पूछताछ में शिकायतकर्ता ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर 2023 के दौरान उन्हें व्हाट्सएप पर एक ट्रेडिंग ट्रेनिंग कैंप के बारे में बताया गया। जिसमें एक अर्जुन कपूर" नामक व्यक्ति द्वारा निवेश की सलाह दी जाती थी। इस बीच आरोपित ने उन्हें एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। शुरूआत में उन्हें कुछ पैसे वापस भी मिले जिससे पीड़ित को विश्वास हुआ।लेकिन जब पीड़ित ने बड़ी राशि निकालनी चाही तो उसे रोका गया और संपर्क टूट गया। पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामलेकी सूचना पुलिस को दी।




## जुमे की नमाज के बाद लगे 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे

**पाक का विरोध**

□ पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने तबाह होने पर यमुनापार के मुस्लिमों ने भी खुशी मनाई थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच आज पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद में जुमे की नमा के बाद नमाजियों ने पाकिस्तान के पीएम का पुतला जलाया। यही नहीं नमाजियों ने पाकिस्तान की हरकत को शर्मनाक और कायराना बताते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इसके साथ ही हिंदुस्तान जिंदाबाद के भी नारे लगे।




**पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने तबाह होने पर मुस्लिमों ने मनाई खुशी**
पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने तबाह होने पर यमुनापार के मुस्लिमों ने गुरुवार को भी खुशी मनाई थी। मिठाइयां बांटी गई। वेलकम में तिरंगा यात्रा निकालने के साथ ही पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए। भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया गया। स्पष्ट रूप से कहा गया कि मुस्लिम देश की सेना के साथ खड़े हैं। खून की भी जरूरत पड़ी तो दिया जाएगा। वेलकम में सब्जी मंडी क्षेत्र में आपरेशन सिंदूर सफल रहने की खुशी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। लोगों से कहा पाकिस्तान ने ही पहलगाम में आतंकी हमला करवाया था। बेगुनाह लोगों की हत्याएं की गई। इस रैली में रोहतास नगर के विधायक जितेंद्र महाजन व डिप्टी चेयरमैन रितेश सूजी ने भी हिस्सा लिया।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (उत्तर क्षेत्र-क्क) ने चार महीने से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान संतोष उर्फ जय (29) और पुनीत उर्फ पुन्नू (27) के रूप में हुई है। दोनों समायपुर बदली के रहने वाले है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपितों पर इस वर्ष जनवरी में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोप था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि 19 जनवरी 2025 की शाम को प्रियंश यादव उर्फ प्रिंस अपने दोस्तों के साथ समायपुर बदली इलाके में मौजूद था।

# सेना ने देश की आन-बान-शान को किया ऊंचा: उपराष्ट्रपति

**विमोचन**

- उपराष्ट्रपति ने किया 'जनता की कहानी - मेरी आत्मकथा पुस्तक का विमोचन'
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित व उनके जीवन पर आधारित है पुस्तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक जनता की कहानी -मेरी आत्मकथा का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पुस्तक में सार्वजनिक जीवन के संघर्षों की झलक दिखाई गई है, जो सार्थक परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया को भारत की ताकत और मजबूत सोच को दिखाया है। हमारी सेना ने भारतीयों की आन-बान और शान को ऊंचा करने का काम किया है। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारे लिए सर्वोपरि है।

इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि चरित्र, समर्पण और दृढ़-विश्वास ही जीवन के तीन महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन तीन पहलुओं पर कार्य करते हुए जीवन की हर चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके जीवन के विस्तृत अनुभव संकलित किए गए हैं जो सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेंगे। पुस्तक में उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को बेहतरीन तरीके से समेटा गया है। यह पुस्तक एक केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी प्रशासनिक कुशलता और एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा के प्रति समर्पण की झलक दिखाती है। उन्होंने कहा कि वे लेखक और कवि नहीं हैं लेकिन कोविड समय के दौरान उन्हें मिले अनुभव ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पुस्तक में समेटे गए हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि उनका जीवन सदैव साधारण समाज के हितार्थ समर्पित रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे सभी का तहेदिल से आभार एवं अभिनन्दन करते है। आज के दिन का श्रेय वे अपनी माता ईश्वम्मा जी को देते हैं।



## यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा का स्त्रोत है : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है और इस कार्यक्रम में भाग लेकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जनता की कहानी - मेरी आत्मकथा पुस्तक के लिए राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का शीर्षक ही बता रहा है कि यह जीवन का विवरण मात्र नहीं बल्कि जनसाधारण से जुड़ने और उनके लिए जुझने का अनुभव है। यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा स्त्रोत है जिससे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के रास्ते पर चलने

**जीवंत दस्तावेज**

- यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है

का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी समारोह को सम्बोधित किया।इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, एस पी सिंह बघेल, अनुराग ठाकुर, हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम सहित कई राज्यसभा व लोकसभा सांसद, पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी और कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्यपाल के परिवार के सदस्य जर्नादन रेड्डी, जिग्नेश रेड्डी, विजया लक्ष्मी, जसोदरा, वेदान्सी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति- मनोहर लाल

**केंद्रीय** विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस पुस्तक से ऐसे साधारण व्यक्तित्व की कहानी प्रदर्शित होती है, जिन्हें जीवन में एक बार मिलने से ही सारी कहानी स्वत: ही सामने आ जाती है। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि जब दत्तात्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के मंत्रिमंडल में लेबर मिनिस्टर थे तब उनसे मिलने का अवसर मिला। इसके अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अनुभव सराहनीय रहा।

मनोहर लाल ने कहा कि दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति हैं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा और जनहित को लेकर ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दत्तात्रेय की पुस्तक में सभी कार्यकताओं की चिंता के बहुत से पहलू एवं अनुभव छिपे हुए हैं, इसलिए यह पुस्तक अवश्य ही लोगों को पढ़नी चाहिए। इसमें वटवृक्ष के नाते परिवार, समाज और जीवन के अनुभवों की जानकारी साझा की गई है।

# खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के युवा उद्यमिता कानून एंव खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के युवाओं और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि 12 मई से 15 मई तक प्रदेश के सभी 143 ब्लाकों में ब्लाक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की इस पहल के जरिये युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं का स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आज के समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर समस्या बन गई है, जो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इस समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सुरक्षित भोजन विकल्पों के बारे में शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य

**जागरूक**

- मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जाएगा

के साथ, हमने पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन सेमिनारों के सफल आयोजन की जिम्मेवारी प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौंपी गई है। मंत्री ने सभी संबंधित संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर अपने-अपने ब्लॉक में इन महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि सेमिनार में खाद्य सुरक्षा का महत्व:-दैनिक जीवन में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के महत्व को बताया जाएगा।

सामान्य तरीके:- विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट और उन्हें पहचानने के तरीके बताए जाएंगे।

# निरंतर प्रयासों से हरियाणा में मातृ मृत्यु दर 110 से घटकर 106 पर आई

**प्रभावशीलता**

- मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार के लिए रणनीतिक पहलों की श्रृंखला लागू की गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** - हरियाणा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग पूरे राज्य में मातृ स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अपने अथक प्रयास कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाएँ प्रदान करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधा में आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला को व्यापक और सम्मानजनक देखभाल मिले। हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा, "भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2019-21) के अनुसार, हरियाणा में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 110 (2018-20) से घटकर 106 हो गई है - जो 4 अंकों का सुधार है। हरियाणा सरकार एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) को कम करना प्राथमिकता बनी हुई है। गर्भावस्था से लेकर प्रसव और प्रसवोत्तर अवधि तक हर चरण में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार के लिए कई रणनीतिक पहलों को लागू किया गया है।" उन्होंने कहा कि राज्य में संस्थागत प्रसव 2024-25 में (स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार) बढ़कर 98.3% हो गया है। मातृ स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए, सरकारी प्रसव केंद्रों पर सभी प्रसव कक्षों को आधुनिक किया गया है। ये कक्ष आवश्यक दवाओं, उपकरणों और रसद से पूरी तरह सुसज्जित हैं। सुरक्षित प्रसव और बेहतर मातृ परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रसव कक्ष प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन किया जा रहा है।

# टेस्टिंग लैब बनाने की दिशा में आगे बढ़े निगम-राव नरबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने के कार्य में तेजी लाएं, ताकि सड़क निर्माण में इस्तेमाल होनी वाली इंटरलाकिंग टाइल के नमूनों की सही से जांच की जा सके। मंत्री राव नरबीर सिंह आज गुरुग्राम शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में निगम अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर में आगामी मॉनसून सीजन में आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिले, इसके लिए प्रशासनिक स्तर

**निर्देश**

- कैबिनेट मंत्री ने पिछले 10 वर्षों में स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई पर हुए खर्च का मांगा ब्यौरा

धरातल पर गंभीरता से प्रयास अभी से किए जाएं।

उन्होंने निगम अधिकारियों से स्टॉर्म वाटर ड्रेन व वार्डों के भीतर सीवरेज सिस्टम की सफाई, निगम एरिया में स्थापित एसटीपी की कार्यकुशलता व जोनवार सफाई व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट लेने



उपरांत कहा कि 15 जून से पहले सभी ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की सफाई पूरी कर ली जाए, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या न आए। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीवर के ढक्कन सही लेवल पर ना होने के चलते बरसात के समय पानी की निकासी नही हो पाती है, जिससे जलभराव की स्थिति बनने के साथ-साथ सड़क को भी नुकसान होता है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि निगम में जहां कहीं भी सफाई का काम करवाया जा रहा है। उस काम के पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्र की आरडब्ल्यूए से लिखित सहमति ली जाए। उसके बाद ही संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर में स्वीपिंग मशीन व सुपर सकर मशीनों की कार्यप्रणाली को दुरुस्त किया जाए।

# सब्जी मंडी का मंत्री ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को सोनीपत जिले के गन्नौर में बन रही इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट का दौरा किया। उन्होंने निमार्णाधीन फल और सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि मंडी का निर्माण कार्य तय समय पर पूरा होना चाहिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि बागवानी और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी हैं। यह अब एक वैश्विक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर क्षेत्र का विकास जरूरी है और बागवानी इसका एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गन्नौर में बन रही इस आधुनिक मंडी से किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। अगले एक साल में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। हरियाणा सरकार बागवानी, मछली पालन, डेयरी और फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि गन्नौर की उक्त मंडी को फ्रांस की प्रसिद्ध रूगिस होलसेल मार्केट की तर्ज.पर विकसित किया जा रहा है।

# विद्यार्थी 2047 के विकसित भारत के हैं कर्णधार-शिक्षा मंत्री

**सम्मानित**

- 100 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षक, मेधावी छात्र व विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आज के विद्यार्थी 2047 के विकसित भारत के कर्णधार हैं। आज जिस विकसित भारत का स्वप्न हम सब देख रहे हैं, उसे पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होंने हाल ही में हुए आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। आज का भारत किसी से कम नहीं है। आज देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, जिनका डंका पूरी दुनिया में बजता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हैं और विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया हैं। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा कस्तूरी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हिसार के मंगाली आकलान में आयोजित



शिक्षक व मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति से हमारी शिक्षा व्यवस्था और ज्यादा दुरूस्त होगी। भारत का विचार आज पूरी दुनिया में जा रहा हैं और इस विचार का अनुसरण भी दुनिया के तमाम देश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा हरियाणा एक अलग पहचान के साथ आगे बढ़ रहा हैं। हर क्षेत्र में हरियाणा के लोग अपना लोहा मनवा रहे हैं। इस मौके पर 100 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षक, मेधावी छात्र व विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

# चुनाव निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए आयोग कर रहा पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा व राज्यों की विधानसभा से जुड़ी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने की दिशा में निरंतर नई पहल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने तथा राष्ट्रीय व राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों के साथ 4719 बैठकों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन

**संवाद**

- राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की जा चुकी हैं 4719 बैठकें, सुझाव मिले: चुनाव आयोग

अधिकारी, मुख्य अधिकारी कार्यालय द्वारा 800 बैठकें जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा तथा 3879 चुनाव पंजीयन अधिकारियों द्वारा ली गई। इन बैठकों में विभिन्न राजनैतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# आपात स्थिति से निपटने हेतु उपायुक्तों को 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत: डॉ. सुमिता मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी उपायुक्तों को आपदा प्रबंधन के लिए 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक उपायुक्त को 5 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपने जिले में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर सके। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि

**मंजूरी**

- किसी भी प्रकार की घबराहट में खरीदारी की स्थिति को रोकने हेतु कड़े कदम उठाए जाएं

वे वित्तीय अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करें और स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही करें। बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के स्वीकृत सीमा से अधिक व्यय न करें।

डॉ. मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया है कि खजाना कार्यालय से केवल वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही धनराशि का आहरण किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्रत्येक माह की 10 तारीख तक व्यय विवरण प्रपत्र संख्या 26 और 29 के माध्यम से लेखा शाखा को भेजना अनिवार्य होगा।

उन्होंने उपायुक्तों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सूचना प्रणाली (ठउद्धक्र) पोर्टल पर मासिक व्यय विवरण अपलोड करने और प्राथमिकता के आधार पर उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान स्थिति में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के सभी प्रावधानों व दिशानिदेर्शों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि जिले स्तर पर नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहें। साथ ही वायु चेतावनी प्रणाली, आपात सेवाएं एवं चिकित्सा सुविधाएं भी पूर्ण रूप से संचालित रहें। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की घबराहट में खरीदारी की स्थिति को रोकने हेतु कड़े कदम उठाए जाएं।

# हरियाणा रोडवेज ने सीमावर्ती स्थानों की बस सेवा स्थगित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारत-पाकिस्तान के बीच जंग के हालात में हरियाणा रोडवेज ने सीमावर्ती स्थानों के लिए बस सेवा स्थगित कर दी हैं। यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रोडवेज ने शुक्रवार से कैथल से कटरा और पंजाब के बॉर्डर इलाकों में जाने वाली बसों को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया है। प्रदेश सरकार के आदेशों पर महाप्रबंधक ने यह फैसला लिया है। इसके साथ ही एक दिन पहले वहां गई हुई बसें भी वापस लौट चुकी हैं।

हालांकि अभी चंडीगढ़ और पंजाब के संगरूर और पटियाला जिले को जाने वाली बसों को बंद नहीं किया गया है। यह बसे पहले के दिनों की तरह से संचालित की जा रही है। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह पठानकोट और अमृतसर जाने वाली बसों को भेजा गया था, लेकिन यह बसें जालंधर से ही वापस लौट जाएंगी।

रोडवेज की ओर से इस समय कैथल से पठानकोट, अमृतसर और कटरा के लिए एक-एक बस जाती हैं। इसमें एक बस इन रूटों पर जाती हैं। जबकि दूसरी बस इन रूटों से वापस होती है। अब इन बसों का संचालन विभाग के मुख्यालय के आदेशों तक पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है।

कैथल से पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिले पठानकोट और अमृतसर व कटरा जाने वाली बसों को आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। । ट्रेनों को अंबाला रेलवे स्टेशन से पहले ही रोके जाने के आदेश हैं। वहीं रोडवेज ने कटरा के बाद पंजाब और चंडीगढ़ जाने वाली बसों को रोक दिया है। ऐसे में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे और रोडवेज ने सुरक्षा की दृष्टि से रेल और बस रोकने की बात कही है। रेलवे ने ट्रेनों को अंबाला रेलवे स्टेशन से पहले ही रोकने के आदेश दिए हैं।

# संवेदनशील दौर में सतर्कता और एकजुटता जरूरी: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश इस समय एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। सीमा पर तैनात हमारी भारतीय सेना अपनी वीरता और समर्पण से राष्ट्र की रक्षा में जुटी हुई है। ऐसे समय में देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति सम्मान, देश के प्रति एकजुटता के प्रति प्रतिबद्धता को बनाए रखे। ऐसे में सतर्कता और एकजुटता जरूरी है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा देशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस संकट की घड़ी में हम सबको सतर्क रहना चाहिए, अफवाहों से



बचना चाहिए और हर स्तर पर भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए हर उस कदम का कांग्रेस समर्थन करती है जो पाकिस्तान जैसे आतंकवादियों की जननी देश को झुकता और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उठाया जाए। कांग्रेस का यह स्पष्ट मत है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय सेना के पराक्रम, साहस और बलिदान पर गर्व करना हम हर भारतीय का

**मनोबल**

- कहा- हर स्तर पर भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा बनाए रखने में योगदान देना चाहिए

धर्म है। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहना आवश्यक है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इस समय अफवाहों से बचे रहने की जरूरत है, अफवाहें नकारात्मक विचारों को जन्म देती है।

ऐसे में हम सबको मिलकर नफरत और विभाजन की राजनीति को नकारना होगा और राष्ट्रहित में एकजुट रहना होगा। देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए। आम नागरिकों को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को प्रशासन की ओर जारी हिदायतों का पालन करना चाहिए। ऐसे समय में दुश्मन देश के एजेंट भी सक्रिय हो जाते हैं, इसलिए उन पर नजर रखना बहुत जरूरी है। सभी नागरिकों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और सामाजिक रूप से एकजुट रहना चाहिए। संकट की इस घड़ी में आत्मविश्वास रखना बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को देश की सेना और सरकार पर विश्वास रखना चाहिए।

## महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत सभा के प्रधान का ऐलान

# तन मन और धन से सेना और सरकार के साथ

**जयंती**

**वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राजपूत सभा करनाल की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। हर वर्ष की तरह महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप चौक पर हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरित किया गया।

महाराणा प्रताप जी का चौक फूलों से सजाया गया था।

राजपूत सभा करनाल के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सभी देशवासियों को महाराणा जी की जयंती की शुभकामनाएं दी। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, कैप्टन राजेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह राणा व अन्य ने बताया कि 9 मई को महाराणा प्रताप जी के जन्म दिवस पर राजपूतों के सबसे बड़े गांव सालवन में असंध विधायक योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जयंती का आयोजन किया जाना था, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने वाले थे, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर इस बड़े कार्यक्रम को स्थगित किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। इसके बाद गांव स्तर पर ही महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और प्रसाद वितरित करके उनकी जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज तन मन और धन से भारतीय सेना और सरकार के साथ है। इस लड़ाई में किसी भी रूप में सरकार और सेना को जरूरत पड़ेगी तो राजपूत हमेशा सबसे आगे खड़े मिलेंगे। इस दौरान समाज के लोगों में पाकिस्तान के प्रति गुस्सा भी दिखाई दिया और सीधे तौर पर कहा कि इस बार आर पार की लड़ाई होनी चाहिए। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश पाकिस्तान को पूरी तरह से मिट्टी में मिला देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें महाराणा प्रताप जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने दुश्मन का डटकर मुकाबला किया और अपनी सेना और नागरिकों का मनोबल कभी भी कम नहीं होने दिया। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर किया जिसके चलते उन्हें वीर शिरोमणि, मेवाड़ मुकुट, महान पराक्रमी योद्धा सहित अन्य उपाधियों से भी जाना जाता है। इस अवसर पर अजमेर सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह ऊंचा समाना, दीपक केरवाली, बिशपाल राणा, भूप सिंह राणा, विजयपाल सिंह, नरेंद्र अमृतपुर, चंद्रशेखर राणा बड़ागांव, देवव्रत एडवोकेट, प्रदीप बीजना, कुलदीप राणा, योगेश कुमार, शेखर राणा, दीपक राणा, दीपक मैनेजर, गौरव राणा अरडाना, मैनेजर संतोष तेजान सहित काफी संख्या में 36 बिरादरी के लोग उपस्थित रहे।

## भगवान दत्तात्रेय की कृपा से हो रही अमृत कथा में श्रद्धालुओं की मुराद पूरी : कटारिया

**कथा महोत्सव**

**कटारिया ने इस प्राचीन भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजा आरती कर की सुख समृद्धि की प्रार्थना भी की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रहे सूरज भान कटारिया ने प्राचीन भगवान दत्तात्रेय थानेसर स्थित मंदिर में आज श्रीमद भगवान दत्तात्रेय महाराज जी की अमृत कथा महोत्सव के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में कथा वाचक स्वामी शंकरानन्द महाराज जी से आशीर्वाद लिया! इससे पूर्व आज मातृ शक्ति ने नगर ने कलश यात्रा करके इस अमृत कथा की पवित्रता बंधन को निभाया, जिसमे मुख्य रूप से स्वामी हरिनारायण गिरी, आचार्य रविशंकर शर्मा, स्वामी रवि जी, पंडित श्री राम शर्मा के साथ सामाजिक संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल शामिल रहे। यह अमृत कथा आगामी 12 मई तक धर्मनगरी के भगवान दत्तात्रेय थानेसर स्थित मंदिर में भव्य रूप से होने वाली हैं। कटारिया ने इस प्राचीन भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजा आरती कर की सुख समृद्धि की प्रार्थना भी की। उन्होंने कहा की भगवान दत्तात्रेय की असीम कृपा से ही अमृत कथा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की मुराद पूरी हो रही हैं। इस अमृत कथा में जहां स्वामी शंकरानन्द महाराज जी अपने मुख वंदन से दत्तात्रेय भगवान की महिमा का गुणगान कर रहे है वहीं उनकी शिष्या साध्वी मोक्षिता जी भी कथा महोत्सव में सुन्दर गुणगान कर आयोजन को महिमामंडित कर रही है। इस अवसर पर डॉ. सचिंद्र कुमार, श्रीमती बीना बजाज, संजय अत्री, मदन धीमान, अजय शर्मा, विक्रम कुमार, भाजपा मंडल सचिव सुशील चित्रा, अभिमन्यु वर्मा, जगमाल सिंह चंदेल, पुरुषोत्तम शर्मा, गोपाल शर्मा, सुषमा शर्मा, अशोक शर्मा, कांता शर्मा, आचार्य राजेश वत्स आदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप महान उपासक एवं भारत एवं भारतीयता के सम्पोषक थेः डा. श्रीप्रकाश मिश्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अदम्य साहस, समर्पण, बलिदान, स्वाभिमान, देशभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन मातृभूमि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए समर्पित था।महाराणा प्रताप एक व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा है। महाराणा प्रताप व्यक्तित्व ऐसा है कि उन्होंने मृत्यु की नाद पर जीवन को थिरकना सिखाया और उन्होंने वीरता के प्रतिमानों को कई नए आयाम दिए। महाराणा प्रताप का संघर्ष सदैव प्रेरणाप्रद रहेगा। महाराणा प्रताप के समक्ष दो रास्ते थे, एक अन्य शासकों की भाँति स्वाभिमान का समर्पण कर शाही जिंदगी जीना और दूसरा संघर्ष पूर्वक जीवन,जो उन्होंने जीया। उनका जीवन आज प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का पुंज है। यह विचार महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित शौर्य संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता एवं महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के

## आपकी सौहार्द और शांति बनाकर रखें आमजनः जगमोहन आनंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखें। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हो, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो। जगमोहन आनंद ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भडकाऊ कंटेट पोस्ट न करें। इसके साथ-साथ इस तरह के किसी कंटेंट को शेयर भी मत करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा भडकाऊ पोस्ट पर निरंतर नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाडने. व शांति भंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी अपील की कि आमजन किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अनजान लिंक से कोई भी वीडियो या फाइल डाउनलोड न करें और न ही उसे आगे साझा करें। उन्होंने इंटरनेट उपयोगकताओं से साइबर हमलों से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने और सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सावधानी और जागरूकता ही ऐसे संभावित साइबर हमलों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

## मदर्स डे पर लिटिल मिलेनियम 7 बी में मातृ-सम्मान समारोह




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** लिटिल मिलेनियम 7 बी में मदर्स डे के अवसर पर एक भावपूर्ण और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास दिन पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माँ के लिए हाथों से सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए और उन्हें प्यार भरे शब्दों के साथ समर्पित किए।

यह दृश्य सभी के लिए अत्यंत भावुक और यादगार बन गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की शिक्षिका भावना मैम द्वारा सभी अभिभावक गण के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। इसके बाद सिमरन ने मंच संभालते हुए पूरे आयोजन का कुशलतापूर्वक संचालन किया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता बनी रही। माताओं के लिए विशेष गेम्स और एक्टिविटीज जैसे म्यूज़िकल चेयर, रैंप वॉक और मदर-चाइल्ड एक्ट का आयोजन किया गया।

## कुरुक्षेत्र पूरे विश्व को दिया जा रहा है प्राकृतिक खेती का संदेशः नवीन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की भूमि से पूरे विश्व को प्राकृतिक खेती का संदेश दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री की पहल को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और पद्मश्री डा. हरिओम आगे बढ़ा रहे हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तब मिलेगा जब किसानों में जुनून होगा। खेती से दुनिया आगे बढ़ रही है। कृषि के माध्यम से किसान खुद के साथ-साथ समाज और देश को मजबूत बना सकता है। कुशल, समृद्ध एवं नया भारत बनाने का सपना साकार होगा। सांसद नवीन जिंदल शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।



### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# 'सवाल का सौदा' जन से विश्वासघात

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल ने जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल सुबह-सवेरे बीस लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल विधानसभा में टेबल नहीं हुए और इस घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई। आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपये मांगे, बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली किस्त के बीस लाख रुपये के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के रडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी। देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि सदन में सवाल के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। ये सभी विभिन्न राजनीतिक दलों से थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल पूछने के बदले पैसा(क्वेरी फॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के खिलाफ मामला ह्यसवाल वापस लेने के लिए पैसा लेने का है। डॉ. भीमराव आंबेडकर और अन्य संविधान सदस्यों ने संविधान बनाते समय यह बिलकुल नहीं सोचा होगा कि वे संविधान में जन को सर्वोपरि रखते हुए देश की सबसे बड़ी पंचायत में उसके प्रतिनिधि का जो प्रावधान कर रहे हैं, वे प्रतिनिधि अपने जन के विश्वास पर ऐसा आघात भी कर सकते हैं। ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं। बहुत संभव है कि इनसे भी ज्यादा ऐसे मामले हों जो 'चुपचाप' सुलटा लिए गए हों और प्रतिनिधियों के जन को उनकी कानों-कान खबर न हुई हो। यहां महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि हर समय भ्ष्टार्चार की शिकायत करने वाली देश की जनता क्या सचमुच भ्ष्टार्चार से लड़ना, उसे मिटाना चाहती भी है ? पहले दो मामलों के इतिहास या उसके हश्र को देखते हुए सवाल उठते हैं कि देश में पहली बार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए इस जनप्रतिनिधि के मामले का भी क्या यही हश्र होगा? इस बार भी जिस जन ने अपने प्रतिनिधि को चुन कर भेजा, वो फिर अपने विश्वास और आघात झेलने को अभिशप्त रहेगा?

# सज्जनता का अनुशीलन हो, मानव को पथ का पता रहे !



सुनील कुमार

> "वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 15 अरब डॉलर है। पाकिस्तान बरसों-बरसों से आतंकवाद का खूनी खेल खेलता रहा है और उसकी आर्थिक हालत आज बहुत ही पतली हो चुकी है। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने निजी स्वार्थों को भुनाने के लिए आज पाकिस्तान के आवाम को मौत का पैगाम बांट रहे हैं। आज पाकिस्तान में न तो नेतृत्व नाम की कोई चीज रही है और न ही पाकिस्तान में नैतिकता नाम ही की कोई चीज शेष बची है, और वह भारत पर आनन-फानन में हमले पर हमले कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान हर तरफ मुंह की खा रहा है। हमारे देश के सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया और लाहौर की रक्षा प्रणाली को पलों में निष्क्रिय कर दिया।पाठक जानते हैं कि भारत ने लाहौर, इस्लामाबाद, कराची और सियालकोट पर हमला बोला है"

**भारतीय** सेना ने भारत के 15 शहरों पर, पाकिस्तान के हमलों को नाकाम करते हुए, पाकिस्तान को करारा जबाब दे दिया है और पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पहले ही प्रहार में भारत से मुंह की खाई है। भारतीय सेना ने जहां एक ओर पाक एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के तीन लड़ाकू विमानों को भी मार गिराया है। भारत के जम्मू से राजस्थान के जैसलमेर तक पाकिस्तान के सभी हमलों को भारतीय सेना ने अपने डिफेंस सिस्टम से हवा में ही नाकाम कर दिया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पाकिस्तान ने बुधवार(8 मई 2025) को रात को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा, श्रीनगर व जम्मू, पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा व चंडीगढ़ तथा राजस्थान के नाल (बीकानेर), फलोदी, उत्तरलाई (बाड़मेर) और गुजरात के भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया था। इन्हें एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने बेअसर कर दिया गया। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान आतंकवाद और आतंकियों का गढ़ है और वह हमसे सूचनाएं लेकर आतंकियों को छिपाता है। भारत के आपरेशन 'सिंदूर' के बाद जब पाकिस्तान के नौ ठिकानों पर सैकड़ों आतंकवादी मारे गए, तो उन्हें पाकिस्तानी ध्वज में लपेटकर पाकिस्तान द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, यह दशार्ता है कि पाकिस्तान आतंकवाद और आतंकियों के सहारे ही चलता है और वह आतंकवाद और आतंकियों को प्रश्रय देता है। पूरे विश्व में आज पाकिस्तान की पोल खुल चुकी है। हमने जहां पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर हमला किया, वहीं पाकिस्तान ने एक तरह से भारत के साथ युद्ध छेड़ते हुए हमारे देश के विभिन्न रिहायशी इलाकों और गुरूद्वारा तक पर हमला किया, लेकिन भारतीय सेना बहुत ही सशक्त है और सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। सच तो यह है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बिलबिला चुका है। भारत ने जिस तकनीकी दक्षता के साथ पाकिस्तानी हमलों को हर स्थान पर नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को भी तबाह किया, वह उत्साहित करने वाला है तथा साथ ही यह दशार्ता है कि हमारी सेनाओं के मुकाबले पाकिस्तानी सेनाएं कहीं भी नहीं ठहरती हैं। सच तो यह है कि भारत पाकिस्तान की किसी भी आक्रामकता का जवाब उतनी ही तीव्रता और उसी शैली में देने में पूरी तरह से सक्षम और एक बहुत ही मजबूत देश है। देश की सीमाओं पर तैनात एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल हो (जिसने पाकिस्तानी मिसाइलों को निष्प्रभावी बना दिया) या फिर हार्पी ड्रोन, भारत ने इनकी मदद से लाहौर के एयर डिफेंस रडार को ध्वस्त/नाकाम कर दिया।सच तो यह है कि आज युद्ध पारंपरिक नहीं रहें हैं और विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान के इस युग में तकनीक युद्ध में बहुत काम आती है। आज की स्थिति यह है कि भारत अब रक्षा के पारंपरिक तरीकों से कहीं आगे बढ़ चुका है। कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान की हमलों की कार्रवाई पूरी दुनिया के सामने उसकी गैर-जिम्मेदाराना राष्ट्र वाली छवि की ही पुष्टि करती है। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ प्रहार किया, वहां की आम जनता व सैन्य ठिकानों पर नहीं। पाकिस्तान हमलों को लेकर अफवाह पर अफवाहें फैला रहा है। उसके मंसूबे ठीक नहीं हैं, लेकिन हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान का भ्रम कुछेक घंटों में ही दूर कर दिया। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी हमलों को नाकाम करके सटीकता का परिचय दिया है। सच तो यह है कि भारत के एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने कारगर ढंग से अपना काम किया है। पाकिस्तान हमारे रक्षा तंत्र में सेंध लगाना चाहता था, लेकिन भारत से पार पाना पाकिस्तान के वश की बात नहीं है।सच तो यह है कि भारत के मुकाबले पाकिस्तान कहीं भी नहीं ठहरता है। आज जहां भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वहीं हमारे देश की सेनाएं पाकिस्तान की तुलना में बहुत बड़ी,काफी उन्नत और मजबूत हैं। हम अपनी सेना पर पाकिस्तान के मुकाबले 9 गुना ज्यादा खर्च कर रहे हैं, वहीं पाकिस्तान दुनिया के सबसे फिसड्डी देशों की श्रेणी में शुमार है और विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ऋण पर पूरी तरह से निर्भर है। यदि हम यहां पर विश्व बैंक 2024 के आंकड़ों को देखें तो भारत की जीडीपी 3.88 ट्रिलियन डॉलर है, वहीं पर पाकिस्तान की 0.37 मिलियन डॉलर। हमने जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति होने का गर्व हासिल किया और इस समय हम 4.187 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। इतना ही नहीं, हमारे देश का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 15 अरब डॉलर है। पाकिस्तान बरसों-बरसों से आतंकवाद का खूनी खेल खेलता रहा है और उसकी आर्थिक हालत आज बहुत ही पतली हो चुकी है। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने निजी स्वार्थों को भुनाने के लिए आज पाकिस्तान के आवाम को मौत का पैगाम बांट रहे हैं। आज पाकिस्तान में न तो नेतृत्व नाम की कोई चीज रही है और न ही पाकिस्तान में नैतिकता नाम ही की कोई चीज शेष बची है, और वह भारत पर आनन-फानन में हमले पर हमले कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान हर तरफ मुंह की खा रहा है। हमारे देश के सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया और लाहौर की रक्षा प्रणाली को पलों में निष्क्रिय कर दिया।पाठक जानते हैं कि भारत ने लाहौर, इस्लामाबाद, कराची और सियालकोट पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि भारत के इस हमले में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है।वास्तव में यह भारत की एक बहुत बड़ी सफलता है।भारत एक जिम्मेदार देश है और वह अब भी काफी संयम बरत रहा है। हाल फिलहाल,पाकिस्तान को बहुत क्षति पहुंची है, लेकिन पाकिस्तान इस बात को खुले रूप से स्वीकार नहीं कर रहा है। पाकिस्तान अभी भी लगातार अपने आवाम के बीच सांप्रदायिक उत्तेजना या युद्ध उन्माद पैदा कर रहा है और उसके आला मंत्री भी जिम्मेदारी का परिचय नहीं दे रहे हैं। वे आपस में ही लड़ रहे हैं। भारत के आपरेशन 'सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। खबरें तो यहां तक आ रहीं हैं कि पाकिस्तान ने अपने ही सेना प्रमुख पर कार्रवाई की है। सूत्रों की मानें तो आसिफ मुनीर को हिरासत में ले लिया गया है और पाकिस्तान की सरकार ने उन्हें आर्मी चीफ को हटा दिया है और उनकी जगह लेफ्टिनेंट जनरल शाहिद इमरान मिर्जा को पाकिस्तान आर्मी की कमान सौंपे जाने की चर्चा तेज हो गई है। सच तो यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना पर सवाल उठने लगे हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने आर्मी पर आरोप लगाया है कि उसने आतंकियों के ठिकानों से जुड़ी अहम जानकारियां भारत को लीक कीं। यह भी सामने आया है कि बीएलए ने पाकिस्तान की कई चौकियों पर कब्जा कर अपने झंडे लगा दिए हैं। पाकिस्तान के कई पायलटों ने तो जंग में जाने तक से इंकार कर दिया बताते हैं।भारत के बड़े हमले में पाक अधिकृत कश्मीर को बड़ा नुकसान हुआ है। यह भी कि अरब सागर में भारतीय नेवी पाक के करीब पहुंच चुकी है। भारतीय सेना द्वारा एक पाकिस्तानी पायलट भी पकड़ लिया गया है।




## कविता

वीर वसुधा वसुंधरा
पुकारती देश के वीरों को
वीर वधुयें पुकारती
वीर भाई सेनानियों को
भाई राखी के बंधनों की
रक्षा तुम कुछ ऐसे करना
अधर्मियों का वध तुम ऐसा करना
उनका शीश काटकर
वीर वधुओं को पैरों रखना
उनको तुम ऐसी सजा देना
पाकिस्तान को तुम
कब्रिस्तान में बदल देना।

हमारी आंखों से निकले
एक एक आशुओं की बूंदों का
ऐसा तुम कुछ हिसाब लेना
पूरे के पूरे पाकिस्तानिओं
खून के आंसू से
पड़ जाए कई जन्मों तक रोना।

अब ना रहे निशान पाकिस्तान का
ना रहे कोई हिसाब आतंकिस्तन का
भारत मां की वीर वसुंधरा पुकारती
हे भारत माता के वीर सपूतों
नक्शे से मिटा दो नाम पाकिस्तान का।

हे वीर सपूतों पहलगाम हमले का
प्रतिशोध तुम ऐसे लेना
अगले जन्म तक उन्हें याद रहे
कितना महंगा पड़ता है
भारत मां के सपूतों से
दुश्मनी मोल लेना।

संजीव

# ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है मां

**रमेश सर्राफ धमोरा**

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों नेमां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे ) के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेविका मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था। जिन्होंने महिलाओं के लिए काफी कार्य किए थे। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्ठि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है।

इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

## विचार

# आपरेशन सिंदूर ने किया पाक का आंतकी चेहरा बेनकाब

**नरेंद्र तिवारी**

भारतीय सेना ने 6 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर आतंकवाद की पनाहगाहों को नेस्तनाबूत कर दिया। आपरेशन सिंदूर 22 अप्रेल को भारत राष्ट्र के जम्मू कश्मीर राज्य मे स्थित पहलगाँव मे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही का हिस्सा है। इस कार्यवाही ने भारतीय सेना ने अहम सन्देश को विश्व के सामने रखा की सिविलियन से कोई बैर नहीं आतंकवादियों की खैर नहीं। इस घटनाक्रम के बाद तेजी से चलते दृश्यों मे सारी दुनियाँ ने देखा पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद का कितना करीबी रिश्ता है। यह रिश्ता बार-बार उजागर हुआ है। भारत के खिलाफ होने वाली आतंकवादी घटनाओं शामिल आतंकी सरगना मसूद अजहर के रिश्तेदारों के जनाजों मे सेना के अधिकारीयों का शामिल होना इस बात को पुख्ता करता है की पाकिस्तानी सेना आतंकी घटनाओ को इन आतंकवादियों की सहायता से भारत मे अंजाम देती रही है। पाकिस्तानी सेना ही बरसों से इन आतंक के सरगनाओं की पोषक बनी हुई है।

इस वक़्त सारी दुनियाँ आंतकवाद की काली कारतूतों से तंग है, दुनियाँ के सभ्य लोग शांति से अपना जीवन जीना चाहते है, भारत भी दुनियाँ की तरह पाक प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित है। आतंकवाद के गहरें जख्मो की पीड़ा भारत लम्बे समय से भुगत रहा है। जिसने कई बच्चों से अपने पिताओं को छीन लिया, महिलाओं से उनका सिंदूर छीन लिया। आतंकवाद के जख्मो की इन पीड़ादायी कहानियों आतंकवाद की मदद कर रही पाक सेना द्वारा संचालित इन शिविरों मे ही लिखा गया है। विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्रिक राष्ट्र भारत की अस्मिता पर हाथ डालते हुए 13 दिसम्बर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। हमला करने वाले लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद नामक आतंकवादी संगठन थे। 2002 मे अक्षरधाम मंदिर पर आतंकी हमला, नवम्बर 2008 मे मुंबई पर समुद्री रास्ते से आए पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जो इस्लामी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थै, जिन्होंने गोलियों और बम विस्फोट से 166 लोगों की हत्या कर दी थी करीब 300 मासूम इस हमले मे घायल हो गए थै, इस हमले मे जिन्दा पकड़ाए आंतकवादी अजमल कसाब ने अपने पाकिस्तानी होने और पाकिस्तान स्थित ट्रेंडिंग मे केम्पो मे भारत के विरुद्ध आतंकवादी तैयार करने की बात जाँच ऐजेसियों को बताई थी, इन हमलों मे 2016 का उरी हमला, 2019 का पुलवामा और अभी 2025 का पहलगाम हमला शामिल है, वर्ष 1999 मे कंधार विमान अपहरण कर तीन आंतकवादियों को छुड़ाने का जख्म भी पीड़ायायक और क्रोधित करने वाला है। अभी पहलगांव मे हुए हमले मे आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। भारत पर पाकिस्तानी हमलों के गहरे जख्म है, किंतु भारत की सेना ने पहलगाँव हमले के बाद बड़ी सैन्य कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान मे संचालित पाक सेना के सहयोग से चलने वाले इन आतंकी शिविरों को नष्ट्र कर दिया। इन हमलों से बौखलाए पाक ने भारत के सीमावर्ती शहरों मे ड्रोन और मिसाइलो से हमला किया इन हमलों को भारत ने विफल कर दिया। 8 मई की शाम कर्नल सौफिया और विंग कमाण्डर व्योमिका सिँह ने मिडिया को बताया बुधवार को पाकिस्तान ने उत्तरी पश्चिमी सीमा पर कुछ शहरों को निशाना बनाया जिसे भारतीय सैन्य बल ने विफल कर दिया। भारतीय सैन्य बलो ने जवाबी कार्यवाही मे पाकिस्तान मे घुसकर लाहौर, कराची, गुजरावाला जैसे 8 शहरों को निशाना बनाया है। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा तब उजागर हुआ जब आतंकियों के जनाजे मे पाक सेना के अधिकारी और लश्कर-ए-तैयबा कमाण्डर अब्दुल रहुफ साथ-साथ दिखाई दे रहे है, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने तस्वीर जारी कर दुनियाँ को पाकिस्तानी आतंकी चेहरे से अवगत कराया जो भारत के खिलाफ बरसों से आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# ताला तो लगा है, लेकिन दिल का क्या करें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**शहर** के बीचोबीच जो मोहल्ला था, वह किसी जमाने में आदर्श नगर कहलाता था। अब बस नगर बचा था, आदर्श तो नेताओं की तरह गायब हो चुका था–सूचना का अधिकार डालिए, पर नहीं मिलेगा। मोहल्ले की एक पहचान थी–हर घर में एक ताला जरूर लटकता था, मगर चोरी हर चौथे दिन होती थी। ताले बस शोपीस बन चुके थे, जैसे संसद में बहस। कहते हैं, जो घर लुटता है, वही साक्षात प्रमाण होता है कि वहाँ कुछ था। और जहाँ कुछ न हो, वहाँ लुटेरे भी इज्जत से बगल से निकल जाते हैं, जैसे नेताओं के वादे चुनाव बाद। ताला तो लगा है, लेकिन दिल का क्या करें?–ये संवाद बूढ़े हरिया ने टाँग दिए थे अपने दरवाजे पर, और हर आने-जाने वाला इसे पढ़कर मुस्कुरा देता था। किसी ने कहा–हरिया चाचा, आप तो शरद जोशी हो गए। चाचा बोले, बेटा, मैं तो वही हूँ, बस जोशी के बदले लोची बन गया हूँ, रोज का लुटा, रोज का रोता। हरिया का घर आखिरी बार लुटा था पिछली होली पर, जब चोर रंग-गुलाल के बहाने घर से सारी मिठाइयाँ और रेडियो ले गए थे। पुलिस आई थी, पंचनामा बना और जाते-जाते बोली, कुछ मिले तो बताएँगे–जैसे गंगा में सिक्का फेंको और ऊपर से बोलो–हे माँ, वापसी में रिटर्न गिफ्ट मत देना।

लोगों ने सीखा था, जहाँ पुलिस हो, वहाँ रिपोर्ट लिखाने से बेहतर है घर का सामान फिर से खरीद लेना। मोहल्ले में चर्चा थी कि ताले अब सिर्फ इसलिए लगाए जाते हैं ताकि चोरों को लगे कि कुछ तो है अंदर–जिसे वे लूट सकें। ये विश्वास था या फ्रॉड की रणनीति, कोई नहीं जानता। बबलू ने नया फ्रिज खरीदा था। दो दिन बाद ही मोहल्ले का चोर चम्पक सपने में आ गया–भाई, उस फ्रिज में सिर्फ पानी रखा है। अगली बार कुछ और लाना, नहीं तो ताला भी वापस कर देंगे। बबलू रो पड़ा–चम्पक भैया, फ्रिज मेरी बीवी की पहली कमाई से आया था, उसके साथ तुम्हारा ये व्यवहार! चम्पक ने सॉरी बोला और अगली रात ताला लौटा गया। मोहल्ले में चर्चा थी–अपने चम्पक में इंसानियत बची है।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**भारत** ने हाल ही में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के खिलाफ एक ऐतिहासिक सैन्य ऑपरेशन "ऑपरेशन सिंदूर" को अंजाम दिया, जो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारतीय सेना की ताकत, साहस और आत्म-निर्भरता का प्रतीक है। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ एक बड़े कदम के रूप में सामने आया और पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि जब बात अपनी सुरक्षा और सम्मान की होती है, तो भारत कभी भी पीछे नहीं हटेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकवादियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया। इन ठिकानों में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे प्रमुख आतंकवादी संगठनों के हेडक्वार्टर शामिल थे।

इस सैन्य कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के समझौते के लिए तैयार नहीं है।

भारत के लिए आतंकवाद केवल एक सैन्य चुनौती नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकट बन चुका है। पाकिस्तान की ओर से निरंतर आतंकवादी हमलों और सीमा पार आतंकवाद के कारण भारत के नागरिकों और सैनिकों की जानों का नुकसान हो रहा था। इन हमलों में न सिर्फ भारतीय सेना के जवानों की शहादत हो रही थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों की भी जानें जा रही थीं। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कूटनीतिक और सैन्य तरीके से कदम उठाए हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट हो चुका था कि आतंकवाद के ठिकानों को नष्ट करने के लिए एक निर्णायक सैन्य कार्रवाई की आवश्यकता है। ऑपरेशन सिंदूर की योजना को गुप्त रखते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी अड्डों पर हमले की रणनीति बनाई। इसके तहत भारतीय वायुसेना द्वारा भारी एयरस्ट्राइक की योजना बनाई गई, जिसमें 100 किलोमीटर तक पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### तीसरी मंजिल से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के नीलोखेड़ी में तीसरी मंजिल से गिरकर एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। राजमिस्त्री एक प्राइवेट स्कूल की बिल्डिंग बनाने का काम कर रहा था। स्कूल मालिक और ठेकेदार ने निर्माण के दौरान सुरक्षा के कोई भी इंतजाम नहीं किए थे। आसपास के लोगों ने ही राजमिस्त्री को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मृतक की पहचान 35 वर्षीय मेहर सिंह के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री था और सिद्धपुर के पास स्थित आईस्टन स्कूल की बिल्डिंग में काम कर रहा था। गुरुवार को जब वह तीसरी मंजिल पर पैड बांधने का काम कर रहा था, तभी अचानक वहां की दीवार भरभरा कर टूट गई और वह सीधे नीचे आ गिरा। मेहर सिंह के भाई इंद्र सिंह और ईश्वर ने बताया कि निर्माण स्थल पर किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। स्कूल प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही के चलते हादसा हुआ है।
घटना होते ही आसपास के लोग दौड़े और तुरंत मेहर सिंह को नीलोखेड़ी के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को अस्पताल से कॉल आई थी कि मेहर सिंह को चोट लगी है। जब वह आधार कार्ड लेकर पहुंचे तो उन्हें मौत की खबर मिली।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। आज दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और लापरवाह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

### स्टॉक मार्केट पर मीम मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सुश्री मनीत कौर के निर्देशन में स्टॉक मार्केट पर मीम मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आई बी महाविद्यालय में क्लास एक्टिविटी का प्रचलन है इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए यह प्रतियोगिता की गई। सोशल मीडिया के जमाने में मीम्स का चलन खूब बढ़ा है। कई लोग इसको बनाते हैं और सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। युवाओं में इसकी लोकप्रियता बहुत है। मीम्स देखते ही लोगों के चेहरे पर खुशी आ जाती है। इसी चलन को देखते हुए , इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि तकनीक के इस युग में मीम मेकिंग एक प्रभावशाली माध्यम बन गया है, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता, डिजिटल साक्षरता में वृद्धि, मनोरंजन और तनाव मुक्ति, संचार कौशल का विकास हो सकता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मीम्स आज के समय में सिर्फ हंसी-मजाक का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये हमारे विचारों को सरल, प्रभावशाली और रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन बन चुके हैं। मीम बनाना एक कला है, जो सोचने, समझने और संप्रेषण की क्षमता को बढ़ाता है। मीम मेकिंग प्रतियोगिता का विषय भी बहुत आकर्षित रहा- स्टॉक मार्केट। स्टॉक मार्केट यानी शेयर बाजार जहाँ कंपनियों के शेयर (हिस्सेदारी) खरीदे और बेचे जाते हैं। जब आप किसी कंपनी का शेयर खरीदते हैं, तो आप उस कंपनी में एक छोटा हिस्सा खरीदते हैं झ यानी आप उसके सह-मालिक बन जाते हैं। इसी अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता हमें न केवल डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया की समझ देती है, बल्कि यह भी सिखाती है कि कैसे हम हास्य के माध्यम से गंभीर संदेशों को जन-जन तक पहुँचा सकते हैं। साथ ही, यह हमारी रचनात्मकता को मंच देने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि मीम्स आज के युवाओं की आवाज हैं झ जो मजाक में भी बहुत कुछ कह जाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गगनदीप एवं चिराग , द्वितीय स्थान चेतन , तृतीय स्थान इश्मीत कौर ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार खुशी एवं साक्षी को मिला ।

# किसी भी आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन के पुख्ता प्रबन्धः डीसी

**संवेदनशील**

**अम्बाला जिला संवेदनशील है और यहां पूर्व में जब युद्ध हुआ था तो दुश्मन द्वारा यहां पर गोलाबारी की गई थी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच सीमा पर जो फिलहाल विवाद बने हुए है और उसके तहत सुरक्षा एजेन्सियों को काफी इनपुट भी मिल रहे हैं। पड़ोसी मुल्क द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन, रॉकेट व गोलाबारी भी की जा रही हैं। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अम्बाला जिला संवेदनशील है और यहां पूर्व में जब युद्ध हुआ था तो दुश्मन द्वारा यहां पर गोलाबारी की गई थी, इसके मद्देनजर जिला अम्बाला में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, सिविल डिफेंस, आर्मी, वायु सेना के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सभी पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। उपायुक्त अपने कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर रहें थे और यह जानकारी उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहीं।
उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन के पुख्ता प्रबन्ध है। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी आपदा के आने से वे घबराएं नहीं, संयम रखें। जिला प्रशासन की ओर से आदेश भी जारी किए गए है कि रात 8 बजे से लेकर प्रातः 6 बजे तक ब्लैक आउट रहेगा। उन्होंने आमजन से अनुरोध है कि वे रात के समय कमरे के अन्दर कम से कम लाइट का प्रयोग करें और जरूरी हो तो ही जलाए और यह भी सुनिश्चित करें की लाईट की रोशनी बाहर न आए। आउटडोर, स्ट्रीट लाईट या जनरेटर पर कोई भी बाहर की लाईट न जलाएं। घर के अन्दर यदि इन्वर्टर से या जनरेटर से बिजली की आपूर्ति की जा रही है तो एतिहात के तौर पर दरवाजों व शीशों पर मोटे पर्दे लगाए ताकि रोशनी बाहर न जा सकें। इसके साथ-साथ दुकानदारों व अन्य प्रतिष्ठानों पर उनकी दुकानों के बाहर जो बोर्ड, सीसीटीवी कैमरों में लाईटें लगी होती है वे जनरेटर या इन्वर्टर से कनेक्ट होते है, इसलिए यह सुनिश्चित रहें की वे भी न जलें।
उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि ड्रोन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। ड्रोन ऑपेट्रों को स्पष्ट किया जाता है कि वे ड्रोन न उड़ाए। यदि कोई नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अम्बाला जिले को नो फ्लाइंग ड्रोन घोषित किया हुआ हैं। उन्होंने अम्बाला वासियों से अपील की कि विशेषकर महेशनगर, बलदेव नगर, धूलकोट के क्षेत्र के निवासी ड्रोन गतिविधि पर नजर रखे

## कुवि में गुणवत्तापूर्ण शोध विषय पर हुई चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विद्यार्थियों के अंदर का विश्लेषणात्मक कौशल, भाषा दक्षता, कम्प्यूटर का उन्नत ज्ञान (जैसे कि एआई और एडवांस्ड एक्सेल) तथा व्यावहारिक अनुभव जैसी अतिरिक्त योग्यताएँ आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में रोजगार प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसी प्रकार एमबीए का कोर्स भी विद्यार्थियों को एक मजबूत आधार प्रदान करता है। यह विचार दिल्ली विश्वविद्यालय के एसजीटीबी खालसा कॉलेज, दिल्ली के वाणिज्य विभाग के प्रो. बिभु प्रसाद साहू ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध विषय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।प्रो. बिभु प्रसाद साहू ने निजी क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं और एमबीए डिग्री से आगे बढ़कर सफल होने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कौशलों पर प्रकाश डाला गया।

## जयहिंद सेना के योद्धा बॉर्डर पर जाने को तैयार : जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक**
जैसा कि आप सभी जानते है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए है। इस स्थिति को देखते हुए जयहिन्द सेना के सभी साथियों ने मिलकर यह फैसला लिया है कि हमने देश हित के लिए जो 11 मई रविवार पहरावर धाम(रोहतक) में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा था, उसे स्थगित किया जाता है और जयहिन्द सेना की तरफ से प्रधानमंत्री राहत कोष में एक लाख इक्कीस हजार रुपए की दान राशि का सहयोग करना चाहते है।

## मृतका के परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम हाउस में डेडबॉडी बदलने जाने के मामले में परिजनों ने पुलिस पर वादे से मुकरने के आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि डेड बॉडी बदले जाने के बाद हंगामा किया गया। लेकिन मौके पर डीएसपी आए और आश्वासन दिया कि परिजन जैसा चाहेंगे, उसी तरीके से पोस्टमॉर्टम होगा। चंडीगढ़ में पोस्टमॉर्टम करवाना चाहते है तो चंडीगढ़ में होगा और रोहतक करवाना चाहते हैं तो रोहतक में होगा। साथ ही एम्बुलेंस का खर्च भी प्रशासन द्वारा उठाया जाएगा। वहीं जिनकी वजह से



लापरवाही हुई है, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन आज जब पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे तो पुलिस अपने वादे से मुकर गई। अब अस्पताल के डायरेक्टर से बातचीत की जाएगी। हमें करनाल में पोस्टमॉर्टम नहीं करवाना, हम चंडीगढ़ या रोहतक से पोस्टमॉर्टम करवाना चाहते हैं।
बुधवार को गांव जुडंला में सीमा नामक महिला की संदिग्ध हालातों मौत हो गई थी। ससुराल वालों ने सुसाइड बताया, लेकिन परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। सीमा जींद के डेरडा गांव की रहने वाली थी और 8 साल पहले उसकी शादी जुंडला में हुई थी। मायके वालों ने पुलिस से लिखित शिकायत करके डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा सीमा का पोस्टमॉर्टम करवाने की मांग रखी थी। जिसके बाद पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी थी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया था। वीरवार को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई होनी थी। पोस्टमॉर्टम से पहले मायका पक्ष को मृतका सीमा की शिनाख्त के लिए बुलाया गया, जब मायके वाले शिनाख्त के लिए पोस्टमॉर्टम हाउस में गए और उन्हें डेडबॉडी दिखाई गई तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि वह डेडबॉडी सीमा की नहीं थी। वहां पर किसी अन्य महिला की डेडबॉडी थी।

## करनाल जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग और सतर्क : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। आपातकाल परिस्थिति के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करते हुए आमजन को भी नागरिक सुरक्षा तंत्र व राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु जागरूक किया जा रहा है।
राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर मौजूदा हालात को देखते हुए डीसी उत्तम सिंह ने आमजन को जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया पर असत्यापित जानकारी पर विश्वास न करें और केवल प्रशासनिक अधिकृत जानकारी पर ही विश्वास रखें।
अपुष्ट जानकारी को न करें सांझा डीसी उत्तम सिंह ने लोगों से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की बिना अधिकृत अथवा अपुष्ट फोटो, वीडियो अथवा न्यूज को अपने मोबाइल से सोशल मीडिया पर शेयर न करें। साथ ही यदि कहीं कोई ऐसी फेक न्यूज बारे सूचना मिलती है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें।
उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों की पालना करना सभी के लिए बेहद जरूरी है।

## सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल में फ्लेमलेस कुकिंग कंपटीशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** शुक्रवार को सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल में फ्लेमलेस कुकिंग कंपटीशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष प्रतियोगिता में छात्रों ने बिना गैस, चूल्हे या किसी प्रकार की अग्नि की उपयोग के स्वादिष्ट और पौष्टिक आकर्षक व्यंजन तैयार किये। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक स्वच्छता टीमवर्क तथा पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था ।
कक्षा 6 से 8 तक की विद्यार्थियों



ने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया और सैंडविच, फ्रूट चार्ट, स्प्राउट्स सलाद, ठंडे पेय बिस्किट डेजर्ट आदि जैसे अनोखे और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। व्यंजनों की प्रस्तुति आकर्षक एवं स्वच्छता मानकों के अनुरूप रही।
इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के व्यावहारिक जीवन कौशल विकसित होते हैं। फ्लेमलेस कुकिंग कंपटीशन के माध्यम से छात्रों ने यह सीखा कि सीमित संसाधनों में भी रचनात्मक सफाई और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर कैसे खाना बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा मदरस डे के उपलक्ष में बच्चों ने यह संकल्प लिया कि सभी छात्र-छात्राएं समय-समय पर घर पर अपनी माताजी के साथ रसोई में सहायता करेंगी उनके कार्यों की सराहना करेंगे और उनके प्रतिकृति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे।
इस प्रकार यह प्रतियोगिता न केवल व्यवहारिक ज्ञान का अवसर बनी बल्कि मां के प्रति आदर और सहयोग की भावना को भी प्रकट करने का एक सुंदर मध्य रही। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

## नप थानेसर की बैठक मे विधायक अशोक अरोड़ा ने उठाए जनहित के अनेक मुद्दे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने आज नगर परिषद की बैठक मे शामिल होकर जनहित के अनेक मुद्दों को उठाया। स्थानीय निकाय चुनाव के पश्चात आयोजित इस बैठक मे अशोक अरोड़ा ने कहा कि कि हुडा के सेक्टरों मे बने हुए सामुदायिक केंद्रो की खस्ता हालत पर बोलते हुए कहा कि पहले इनकी मैंटेनेंश का कार्य प्राईवेट तौर पर दिया गया था लेकिन वह कार्य सिरे नही चढा लेकिन नगर परिषद को चाहिए कि वह इनकी मैंटेनेंश करवाए ताकि ये



सामुदायिक केंद्र जनता के उपयोग मे आ सकें। उन्होने कहा कि इन सामुदायिक केंद्रो की हालत बहुत खस्ता है, इसलिए इनकी मैंटेनेंश की जानी जरूरी है। इसी के साथ-साथ अशोक अरोड़ा ने कहा कि बरसात के सीजन से पहले नालों की सफाई करवाई जाए ताकि बरसात के मौसम मे बाजारों और कॉलोनियों मे पानी खड़ा न हो। उन्होने कहा कि नालों की सफाई के लिए उनके उपर बने चबूतरे और थड़े भी तोड? पड़ें तो तोड़े जाने चाहिए। उन्होने कहा कि थोडी बरसात होने पर ही शहर के बाजारों मे पानी खड़ा हो जाता है और दुकानों मे भी पानी घुस जाता है जिससे जनता व दुकानदारों को परेशानी उठानी पडती है।
विधायक ने नगर की चरमराई सफाई व्यवस्था की ओर भी ध्यान दिलाया और सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था करने के बारे मे कहा।
बंदरों के आतंक से नगर वासियों को छुटकारा दिलाने की बात भी अरोड़ा ने उठाई और कहा कि बंदरों के आतंक से जनता दुखी है।

## फेक न्यूज है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल- हुसैन )**
डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने आमजन और मीडियाकर्मियों से अपील की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की बिना अधिकृत अथवा अपुष्ट फोटो, वीडियो अथवा न्यूज का संप्रेषण अपने प्रचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया पर न करें। साथ ही यदि कहीं कोई ऐसी फेक न्यूज है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें।
उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों की पालना करते हुए आम नागरिक सहयोग अपेक्षित है।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सफल आपातकालीन मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा विद्यालय परिसर में एक सफल आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास सरकारी सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप छात्रों और कर्मचारियों को किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार करने के उद्देश्य से किया गया था।
मॉक ड्रिल के दौरान छात्रों और शिक्षकों को आपातकालीन सायरन बजने की स्थिति में शांति और संयम बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उन्हें घर के भीतर सुरक्षित स्थानों पर रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने के



महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर प्रसारित होने वाली अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने का संदेश दिया गया। ब्लैकआउट की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों जैसे घर की सभी लाइटें बंद कर देना, पर भी प्रकाश डाला गया।
इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज और स्कूल की प्रबंधक समिति के सदस्यों ने छात्रों को अभ्यास के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल छात्रों को किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार करती है और उन्हें सुरक्षित रहने के आवश्यक कौशल सिखाती है। उन्होंने छात्रों की सक्रिय भागीदारी और अनुशासन की सराहना की और स्कूल के प्रबल लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह मॉक ड्रिल विद्यालय के सुरक्षा उपायों का एक अभिन्न अंग है और इसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के बीच सुरक्षा और जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास आयोजित करता रहेगा ताकि सभी आपातकालीन स्थितियों के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

## राजेश सैनी ने प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला, अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी में नव नियुक्त प्राचार्य श्री राजेश सैनी ने आज विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं डाइट पलवल के प्राचार्य रोहतास वर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजपाल सैनी, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक, बीईओ ज्ञान सैनी, प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, अध्यापक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर दास, अतुल कुमार शर्मा, प्राचार्य रमेश सैनी, प्राचार्य बंसीलाल, अली



शेर, सुभाष चंद, राइजल सैनी, प्रमोद बंसल, सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे।
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल तथा डाइट पलवल के प्राचार्य रोहतास वर्मा ने अपने उद्बोधन में राजेश सैनी को नवीन जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा, "एक प्राचार्य विद्यालय का मुखिया ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत होता है। मुझे विश्वास है कि नवनियुक्त प्राचार्य राजेश सैनी अपने अनुभव और नेतृत्व से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक ने कहा कि राजेश सैनी जैसे कर्मठ और शिक्षाविद व्यक्ति का प्राचार्य पद पर आना निश्चित रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय रहेगा। बीर सिंह राणा ने कहा, "नेतृत्व कौशल और अनुशासन प्रियता राजेश सैनी की विशेषताएं हैं तथा वे सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने नवनियुक्त प्राचार्य राजेश सैनी को बधाई देते हुए कहा कि राजेश सैनी ने 1998 से बतौर शिक्षक तथा 2004 से बतौर प्राध्यापक कुरुक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षण का कार्य कर रहे हैं तथा वे बहुत ही कर्मठ तथा सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के स्वामी है। हम हसला की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे सदैव विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए कार्य करते रहेंगे। उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय निश्चित रूप से मॉडल संस्थान के रूप में उभरेगा।"नवनियुक्त प्राचार्य राजेश सैनी ने सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव विद्यार्थियों के हित में कार्य करेंगे तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य

## श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 30 मई को मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** श्री गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा करनाल के डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में गुरुअर्जुन देव जी का शहीदी दिवस डेरा कारसेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह जी के मार्गदर्शन में 30 मई को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह नौ बजे से दीवान सजाया जाएगा।
इस कार्यक्रम में भाग लेने देशभर से रागी ढाडी जत्थे पहुंच रहे हैं। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह,



महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि शहीदी पर्व कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक एवं सांय 6.30 से रात 10.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पहुँच रहे रागी, ढाडी एवं प्रचारक जत्थों में भाई गुरदित्त सिंह जी (हजूरी रागी) श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब,भाई गुरप्रीत सिंह जी (हजूरी रागी, पाऊँटा साहिब) कविश्री जत्था भाई प्यारा सिंह जी, फिरोजपुर वाले भाई अमृतपाल सिंह जी (हैड ग्रन्थी) गुरू मंजी साहिब पातशाही पहली करनाल शामिल हैं। नित्तनेम एवं पाठ रहरासि साहिब जी (भाई मंजूर सिंह जी एवं भाई गुरप्रीत सिंह जी) करेंगे। स्टेज सेकेट्री की सेवा भाई दर्शन सिंह जी करेंगे इस अवसर पर गुरु का लंगर अटूट बरता जाएगा।

नई दिल्ली, 10 मई 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### कुवि में 9 व 10 मई को होने वाली परीक्षाएं स्थगित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार परीक्षा शाखा द्वारा दिनांक 09-05-2025 एवं 10-05-2025 को होने वाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाएं अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षाओं की नई तिथियां बाद में अधिसूचित की जाएंगी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों/संस्थानों/कॉलेजों के अध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य को अनुरोध किया गया है कि वे परीक्षा स्थगित होने की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को तत्काल सूचित करें तथा उसे नोटिस बोर्ड पर भी लगाएं।

### धर्मार्थ गौशाला भटगांव में 29 जून को करवाया जाएगा नई कार्यकारिणी का चुनाव-महासचिव

**सोनीपत।** धर्मार्थ गौशाला भटगांव के महासचिव राम निवास ने बताया कि धर्मार्थ गौशाला की वर्तमान प्रबंधक समिति(कार्यकारिणी) का कार्यकाल 25 जून 2025 को समाप्त पूरा हो रहा है। इसलिए प्रबंधक समिति की बैठक का आयोजन किया गया और निर्णय लिया कि नई कार्यकारिणी का चुनाव 29 जून 2025 को करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पूरा करवाने के लिए अधिकवक्ता अनूप सिंह दहिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस चुनाव में गौशाला के सभी आजीवन सदस्य भाग लेंगे और नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

### दुभेटा गांव के सरपंच विकास पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

**गन्नौर।** दुभेटा गांव के सरपंच विकास पर बुधवार शाम को जानलेवा हमला हुआ। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सरपंच विकास की स्विफ्ट कार पर फायरिंग की। हमले में सरपंच विकास बाल-बाल बच गए। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सरपंच विकास अपनी स्विफ्ट कार से गांव से सोनीपत स्थित अपने आवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कैलाना गांव की नहर के पास पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। कार पर गोलियों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना गन्नौर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सबूत जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। घटना के दौरान सरपंच विकास पूरी तरह सुरक्षित बच गए। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। सरपंच विकास से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

## हर प्रस्तुति में माँ के प्रति अपार श्रद्धा और संवेदना की झलक दिखाई दी

**त्याग**

त्याग, समर्पण, प्रेम और जीवन में उसके अमूल्य स्थान को अत्यंत सुंदरता से दर्शाया गया




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला सिटी में मातृ दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और भावनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माँ के त्याग, समर्पण, प्रेम और जीवन में उसके अमूल्य स्थान को अत्यंत सुंदरता से दर्शाया गया। मंच पर प्रस्तुत कविताओं, भाषणों, गीतों, एकल व समूह नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह की आंखों को नम कर दिया। हर प्रस्तुति में माँ के प्रति अपार श्रद्धा और संवेदना की झलक दिखाई दी।

कार्यक्रम की समस्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा तैयार की गईं। शिक्षिकाएँ मनजीत कौर, आरती और दिनेश ने इन प्रस्तुतियों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने उनकी मार्गदर्शन में ऐसा भावनात्मक वातावरण रचा कि सभागार की हर आँख नम और हर मन माँ के स्मरण में अभिभूत हो उठा।

एकल गीतों में पुलकित और सृजन द्वारा प्रस्तुत गीतों ने माँ के बलिदान और निश्छल प्रेम को सुरों में पिरोकर ऐसा वातावरण बना दिया कि पूरा सभागार कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध रह गया। कक्षा पाँच की छात्रा दिशिता द्वारा प्रस्तुत कविता ने अपनी कोमल संवेदनाओं और भाव-प्रवण वाचन से श्रोताओं के हृदय को गहराई से छू लिया। साथ ही, एक सुंदर समूह गीत में यह संदेश दिया गया कि माँ के लिए हर दिन विशेष है, न कि केवल एक दिनह्व-यह गीत सभी के मन को गहराई से छू गया और सबसे ज्यादा सराहना प्राप्त करने वालों में शामिल रहा। समूह नृत्य की सुंदर और सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए.इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों के लिए गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी मम्मियों के लिए खूबसूरत उपहारों को अत्यंत रचनात्मकता से सजाया। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए वायरलेस फूड फि एस्टा नामक एक विशेष प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बिना गैस, चूल्हे या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्वादिष्ट और पोषक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। बच्चों की रचनात्मकता, पोषण संबंधी जानकारी और प्रस्तुति देखकर सभी अतिथि भावविभोर हो उठे।

इस आयोजन की गतिविधि प्रभारी कक्षा 3 से 5 के लिए श्रीमती मन्जू सचदेवा थीं, जिन्होंने कहा माँ वह शक्ति है जो बिना कहे सब समझ जाती है। बच्चों की प्रस्तुतियों में माँ के प्रति जो भावनाएँ थीं।

# अस्पताल के जच्चा बच्चा की सेवार्थ बनायेंगे मां की रसोई



**सेवा**

जच्चा बच्चा वार्ड मे डिलीवरी कराने आई महिला के अटेंडेंट को चाय बिस्किट आदि लाने के लिए परेशान होना पडता है

**समालखा 9 मई ( कुलदीप सिंह )** समालखा के सामान्य अस्पताल के जच्चा बच्चा व उनके अटेंडेंट की सुविधा के लिए रसोई का निर्माण किया जाएगा। मदर डे के अवसर पर अस्पताल के जच्चा बच्चा व अटेंडेंट की सेवार्थ अस्थायी रसोई का निर्माण समालखा के समाजसेवी जगपाल जौरासी के सौजन्य से किया जाएगा। मां को समर्पित इस रसोई का नाम "मां की रसोई" रखा जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समालखा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय आंतिल ने बताया कि अस्पताल परिसर मे कोई कैंटीन की सुविधा न होने से जच्चा बच्चा वार्ड मे डिलीवरी कराने आई महिला के अटेंडेंट को चाय बिस्किट आदि लाने के लिए परेशान होना पडता है। इनकी परेशानी को देखते हुए शहर के प्रमुख समाजसेवी जगपाल जौरासी ने अपनी स्वर्गीय माता चंद्रो देवी की स्मृति मे मां की रसोई बनाने का आश्वासन दिया है। डॉ संजय आंतिल ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल मे फिजियोथेरेपी की मशीन व अन्य सामान आ चुका है,लेकिन उसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण फिजियोथेरेपी शुरू नही हो रही है।

इसके लिए समाजसेवी जगपाल जौरासी ने बृहस्पतिवार को एसएमओ संजय आंतिल के साथ अस्पताल का दौरा कर रसोई व फिजियोथेरेपी का इंफ्रास्ट्रक्चर शीध्र बनवाने का भरोसा दिया।

# अवैध खनन रोकने के लिए यमुना नदी के रास्ते को किया अवरुद्ध : उपायुक्त मनोज

**सोनीपत, 09 मई।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार एवं महानिदेशक खान एवं भू विज्ञान विभाग हरियाणा के निदेर्शानुसार जिला सोनीपत में अवैध खनन रोकने के लिए टांडा जगदीशपुर गांव से यमुना नदी क्षेत्र में जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन से खुदाई करवा कर अवरुद्ध कर दिया है। जिससे अवैध खनन करने वाले यमुना नदी से रेत का अवैध खनन न कर सके। एक अन्य मामले में



जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध खनन करने के मामले में नवीन पुत्र जगरूप गांव रोहट निवासी से 2 लाख 15 हजार रुपए जुमार्ने की राशि सरकारी खजाने में जमा करने के उपरांत उसके ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ा गया। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक सहयोग करें,और अगर कहीं भी अवैध खनन हो रहा है।

# सुरक्षा के मध्यनजर अम्बाला पुलिस अलर्ट, अफवाहों पर ना दें ध्यान-एसपी

**पूछताछ**

बाजारों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अम्बाला पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाकर पूछताछ की जा रही है



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए लगातार चैकिंग अभियान चलाए जा रहे है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, टैक्सी स्टैण्डों, सरायों, मॉल, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अम्बाला पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाकर पूछताछ की जा रही है तथा आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आमजन से



अपील करते हुए कहा कि उनके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस थाना या डायल-112 पर दें ताकि समय रहते उचित कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने सभी प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए है कि वह अपने-अपने थानाक्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त करें तथा सभी एजैन्सियों को भी गुप्त सूचनाएँ एकत्रित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाता है, आमजन में डर/भय पैदा करता है या भड़काऊ ब्यान देता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने आमजन से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें।

# हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

बीआरडी व एसडी कैंपस में मातृत्व के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित। शुक्रवार हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के बीआरडी व एसडी कैंपस में मदर्स डे के अवसर पर एक भव्य और भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। इस खास दिन को माताओं को समर्पित करते हुए स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ



मिलकर मातृत्व के अद्वितीय प्रेम और त्याग का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, संगीत, कविता पाठ और नाटक जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित ग्रीटिंग काड्र्स और उपहारों ने माताओं की आँखों में खुशी के आँसू ला दिए। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की चेयरमैन अनिश कुमार दहिया ने बताया , "मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक संपूर्ण भावना है जो जीवन के हर मोड़ पर हमारा मार्गदर्शन करती है।" इस अवसर पर माताओं के लिए विशेष गेम्स और इंटरएक्टिव सेशंस का भी आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खुशियाँ साझा कीं।

**उपहार**

हस्तनिर्मित ग्रीटिंग काड्र्स और उपहारों ने माताओं की आँखों में खुशी के आँसू ला दिए।

# थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में 8 मई 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी भूपेन्द्र उर्फ सन्नी निवासी शिवपुरी कालोनी एकता विहार अम्बाला छावनी जिला अम्बाला व राजबीर सिहँ उर्फ हरमन निवासी गाँव मालवा डाकखाना बड़ौल थाना अम्बाला सदर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के



आदेशानुसार 2 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री शहनबाज निवासी नजदीक शेख शहाबुदीन मस्जिद पटियान अम्बेहता देहात ने 3 अप्रैल 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 अप्रैल 2025 को थाना मुलाना क्षेत्र राजू ढाबा हमीदपुर के पास अज्ञात आरोपी ने जान से मारने का भय दिखाकर उससे एक बड़ी रकम लूट ली है।

# कमरे के बाहर से दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में गोल मार्केट स्थित कमरे के बाहर से दोपहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बिधलान निवासी विशाल ने बताया कि वह पांच मई को हर रोज की तरह अपनी बाइक को लेकर गोल मार्केट में पहुंचा। जहां अपनी बाइक को कमरे के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह उठकर देखा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# स्वच्छता का हमेशा ध्यान रखती है भाविप

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** आज पवित्र धर्मस्थल ब्रह्मसरोवर के किनारे पुरुषोत्तमपुरा बाग में, आने वाले योग दिवस की तैयारियों एवं योग के प्रचार एवं प्रसार के लिए कुरुक्षे त्र जिले मे पूर्व योग अभ्यास कार्यक्रम भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के साथ मिलकर आयोजित किया गया , जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1000 विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के अन्य प्रबुद्ध लोगों ने योग अभ्यास किया । इस परम पवित्र अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा आने वाले विद्यार्थियों के जूतों को अव्यवस्थित रूप से बिखरने से




बचाने के लिए , विद्यार्थियों द्वारा पालीथीन के लिफाफों का प्रयोग रोकने के लिए एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देने के लिए मोटे कागज से निर्मित लगभग 1200 लिफाफे वितरित किए गए। जिससे विद्यार्थियों द्वारा अपने जूतों को इन लिफाफों में एक स्थान पर व्यवस्थित रुप से रखकर , बड़े ही ध्यानपूर्वक शरीर को स्वस्थ बनाने वाले एवं मानसिक शांति प्रदान करने वाले बहुत से योगासन किए गए ।

इस सारे काम के प्रबंधन के लिए विशेष रूप से भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विजयंत बिंदल, सचिव बलजीत चावला जी, कोषाध्यक्ष मनोज सेतिया जी, प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल जी, पर्यावरण संयोजक अखिलेश गुप्ता जी , महिला सहभागिता प्रमुख मानसी गर्ग जी, आशीष गर्ग जी, रमेश गुलाटी, डॉ अशोक चौधरी, दिनेश सिंघल जी ,महेंद्र सुमिरन जी, प्रवीण सिंगला जी ,डॉ रमेश डांडा जी ,अखिलेश जी, सुशील सूद जी, उपेंद्र सिंगला जी, प्रो करतार सिंह धीमान जी ,डॉ देवेंद्र खुराना जी, हरि प्रकाश शर्मा जी जयप्रकाश पवार जी एवं माननीय रंजीत जी उपस्थित रहे।

**अभ्यास**

विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1000 विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के अन्य प्रबुद्ध लोगों ने योग अभ्यास किया

# पूर्ण मूर्ति कैंपस के विद्यार्थियों ने कहा हमें भी मिले भारत माता की सेवा करने का अवसर

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: भारत-पाकिस्तान** के बीच युद्ध जैसे हालात को देखते हुए पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के विद्यार्थियों ने कहा कि हमें भी भारत माता की सेवा करने का अवसर मिलना चाहिए । खास तौर पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग व एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में वॉलंटियर बनकर वे देश की सेवा व सुरक्षा में योगदान देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी पढ़ाई व ट्रेनिंग का उपयोग देश सेवा के लिए हो व वे भारतीय सेना का किसी तरह से सहयोग कर सकें इससे बेहतर उनके जीवन में कुछ भी नहीं हो सकता। एसोसिएशन ऑफ आल हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज के राज्य प्रधान व पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने कहा कि पूरा पूर्ण मूर्ति कैंपस सरकार व सेना के साथ मजबूती के साथ खड़ा है । उन्होंने सरकार से अनुरोध भी किया कि तकनीकी शिक्षा हासिल कर रहे इन विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर में वॉलंटियर बनाकर भारतीय सेना के साथ देश की सेवा करने का मौका प्रदान करें। डॉ.विजयपाल नैन ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को उनके आतंकी ठिकानों पर मारकर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सभी लोगों की शहादत का बदला लेने का काम किया है। अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। इससे पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। पाकिस्तान ने एलओसी पर गोले और मोर्टार दागे और भारत के कई शहरों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे नाकाम कर



दिया । उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी को सलाम करते हुए कहा कि देश आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट और अडिग है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व की सराहना की और कहा कि भारत अपनी गरिमा, सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर ने आज देश के हर नागरिक को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया है । पूर्ण मूर्ति कैंपस के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, डायरेक्टर ट्रेनिंग नवदीप मेहता, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, लॉ कॉलेज के डायरेक्टर डा.टीसी राणा, फामेर्सी कॉलेज की डायरेक्टर डा.सुनीता, एविएशन डायरेक्टर राघवेंद्र सिंह आदि ने भी भारतीय सेना की बहादुरी को सलाम किया है ।

इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में दिखा देशभक्ति का जज्बा :

**एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के विद्यार्थी** यशदीप ने कहा कि हमने हवाई जहाज व उसके रखरखाव के बारे में तकनीकी दक्षता हासिल की है। सरकार कभी भी चाहे हम सभी देश की सेवा के लिए तैयार हैं । महाराष्ट की रहने वाली व एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग की छात्रा कुमोदिनी शिंदे ने कहा कि लड़कियां भी देश सेवा में पीछे नहीं है। हम सभी वॉलंटियर के तौर पर भारतीय सेना के साथ दिल से जुड़ना चाहते हैं । एयरक्राफ्ट के रखरखाव के बारे में जानकारी होने की वजह से सरकार को उन जैसी लड़कियों को भी देश सेवा का मौका प्रदान करना चाहिए। एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग के छात्र भूपेंद्र सिंह ने भी कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं । एयर फोर्स के रिटायर्ड सैनिकों ने कहा फिर से देश के लिए लड़ने को हैं तैयार:

**एयर फोर्स के रिटायर्ड सैनिक व** विद्यार्थियों के प्रशिक्षक करमवीर सिंह व अनूप सिंह ने कहा वे फिर से देश के लिए लड़ने को तैयार हैं। हम देश की सेनाओं के साथ हैं। जहां हमें भेजा जाएगा हम युद्ध के मैदान में डटे रहने को तैयार हैं। पूर्व सैनिकों ने कहा कि भारतीय सेना ने सही समय पर सही जवाब दिया है। हमने पाकिस्तान के निर्दोष लोगों को नहीं मारा। पाक में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई की गई है। आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में कड़ा जवाब देने की जरूरत है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि भारत सरकार ने सेना को खुली छूट देकर उनका हौसला बढ़ाने का काम किया है। हमारी सेनाएं हर एक हमले का जवाब देने में पूरी तरह से सक्षम हैं।

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा

**बैठक**

**मंत्री श्याम सिंह राणा ने बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
हरियाणा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को जीटी रोड स्थित हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में पहुंचते हुए बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाया।

बागवानी विभाग के एक्सईएन सुभाष सिंह ने मंत्री श्याम सिंह राणा को निर्माण कार्य का माडल दिखा कर उन्हें प्रेजेंटेशन भी दी। उन्होंने बताया कि शेड, रोड, दुकानें, आफिसर्ज कालोनी, किसान विश्राम गृह, फायर स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कैब सर्विस के लिए टैक्सी स्टैंड, सौर ऊर्जा प्लांट, पानी आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद मंत्री ने मंडी में रोड निर्माण, सीवरेज, बिजली, पेयजल व्यवस्था, कामन शेड, हाट्रीकल्चर इंस्टीट्यूट, कोल्ड स्टोरेज, किसानों के लिए तैयार किए जा रहे प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए।

-30 जून 2026 तक काम हो जाएगा पूरा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मंडी में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कुछ जगहों पर कुछ परेशानियां है जिसे हल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक साल बाद मंडी का काम पूरा हो जाएगा और प्रथम चरण के तहत मंडी शुरू हो जाएगी। जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मंडी की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों के पुनर्वास के लिए आवासीय कालानी में प्लाट के लिए ड्रा हो चुका है। जिसमें सभी लोग 10 प्रतिशत राशि जमा करवा चुके थे, लेकिन बाद में वह अदालत में चले गए थे। अब यह मामला सुलझ चुका है। प्लाट आवंटित होने के बाद वह बाकी 15 प्रतिशत और जमा करवा देंगे जिसके बाद यह मामला सुलझ जाएगा।

# शहर को साफ-सुथरा रखने में नागरिक का सहयोग जरूरी: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम अनिल कुमार यादव के निदेर्शानुसार नगर पालिका व वन विभाग के कर्मचारियों ने माजरा चुंगी से रेलवे फाटक तक सफाई अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर को कचरा मुक्त बनाकर नागरिकों को स्वास्थ वातावरण उपलब्ध करवाना उनका मुख्य उद्देश्य है। इसी कड़ी के तहत सफाई अभियान चलाकर आम लोगों को जागरूक किया। महेंद्रगढ़ में पूरे शहर को हरा-भरा करने के लिए सभी डिवाइडरों पर हरियाली के प्रति पौधारोपण अभियान जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने जूस व चाय वालो से अपील की है कि आम जन को डिस्पोजल में जूस व चाय ना दे डिस्पोजल जानलेवा है, इसका प्रयोग बिल्कुल ना करें, पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने में प्रशासन सहयोग करे। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के सभी ब्लॉक डार्क जोन में है, हमें पानी की एक-एक बूंद को बचाना हैं। उन्होंने आमजन से निवेदन किया है कि अपने नेक कार्य पर एक पेड़ अवश्य लगाएं, जिससे लोगों को अपार ऑक्सीजन मिले। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया है कि शहर को हरा-भरा करने के लिए आप लोगों की आवश्यकता है, आप हमारा पूरा सहयोग दें, हम आपके शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में विशेष योगदान देंगे।



## न्यूज फ्लैश

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और दोनों बच्चों को जबरन अपने पास रख लिया। पीड़िता ने अपने ससुर पर रेप का प्रयास करने का भी आरोप लगाया है और कहा कि आरोपी उसके बच्चों के साथ भी मारपीट कर रहे हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुल्हन ने बताया कि उसकी शादी 24 जून 2012 को अंबाला के जंडाली निवासी अमित से हुई थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने 20 लाख रुपए और ऑल्टो कार दी थी। इसके बावजूद उसके ससुराल वाले उसे दहेज में बड़ी कार और 5 लाख रुपए और लाने के लिए परेशान करते रहे। शादी के बाद उसके दो बच्चे हुए, एक बेटी और एक बेटा। उसने बताया कि बच्चों के जन्म और पालन-पोषण का पूरा खर्च उसके माता-पिता ने उठाया, लेकिन उसके ससुराल वालों ने उसका या बच्चों का कोई ख्याल नहीं रखा। उल्टा उसे कम दहेज लाने का ताना मारा जाता था।

शिकायत में बताया गया है कि अमित ने उससे कहा कि वह विदेश जाना चाहता है, इसलिए मायके से 10 लाख रुपए लेकर आए। जब उसने इनकार किया तो सास-ससुर और पति ने मिलकर मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। दोनों बच्चों को कमरे में बंद कर अपने पास रख लिया और मिलने तक नहीं दिया।

पीड़िता ने बताया कि अब अमित आरोपी हरप्रीत उर्फ कंचन को अपने घर में रख रहा है और उसे शक है कि दोनों ने शादी कर ली है।

हरप्रीत ने धमकी दी कि अगर वह उनकी जिंदगी से नहीं निकली तो उसे जान से मरवा दिया जाएगा। उसने आरोप लगाया कि मार्च 2022 में जब वह घर की ऊपरी मंजिल पर सफाई कर रही थी तो उसके ससुर ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। शोर मचाने पर वह भाग गया, लेकिन धमकी देकर गया कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा।

पीड़िता के अनुसार उसका पति अमित पहले भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और कई केस दर्ज होने के चलते जेल भी जा चुका है। शिकायत की जांच एएसआई जगदेव सिंह द्वारा की गई।

फिलहाल जांच में अमित सिधान के खिलाफ सबूत मिले हैं, जिसके आधार पर सेक्टर 32-33 थाना करनाल में अब मामला दर्ज किया गया है। अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ फिलहाल कोई सबूत सामने नहीं आए हैं, लेकिन पुलिस ने कहा है कि जांच के दौरान अगर उनके खिलाफ भी कोई प्रमाण मिलते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

### जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती हैं : कौशिक



**गन्नौर**
गायत्री विद्यापीठ में मातृ दिवस को भारत माता को समर्पित करते हुए भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। प्राचार्य शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती हैं। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कौशिक ने मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

# सामूहिक प्रयास से चार साल बाद परिजनों को मिला मानसिक दिव्यांग बच्चा

**दिव्यांग किशोर**

**कोरोना काल में जब सब अपने स्थाई निवास पर जा रहे थे। किशोर अंकित परिजनों से बिछड़ गया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
जिला सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व जिला बाल संरक्षण विभाग के सामूहिक प्रयास से कारोना काल में मानसिक रूप से दिव्यांग किशोर गुम हो गया था । कोरोना काल में जब सब अपने स्थाई निवास पर जा रहे थे।उस समय एक मानसिक दिव्यांग किशोर अंकित अपने परिजनों से बिछड़ गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह के निर्देशन में दिव्यांग सेवा समिति गोहाना में मानसिक रूप से विकलांग लगभग 12 बच्चे रह रहे हैं। उनके आर्थिक सहयोग के लिए पेंशन बनवाने के लिए जब जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ रितु गिल ने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए आधार केंद्र पर बच्चों को लाया गया तो अंकित नाम का मानसिक दिव्यांग किशोर जिसका 2021 में आधार कार्ड बना हुआ था आधार कार्ड में दिए गए पते व दूरभाष नंबर से अंकित के परिजनों से संपर्क किया गया । इस बारे में परिजनों ने बताया कि बच्चा 2021 में करोना के दौरान जब हम अपने स्थाई निवास उत्तर प्रदेश जा रहे थे।तो किशोर गुम हो गया था। क्योंकि किशोर मानसिक रूप से दिव्यांग था।एक समाजसेवी को किशोर मिल गया था, समाजसेवी ने बच्चें को गोहाना दिव्यंग सेवा समिति आश्रम में छोड़ दिया था। अब बच्चे का आधार कार्ड बनवाते समय फिंगरप्रिंट स्कैन के माध्यम से बच्चे का पता व परिजनों का दूरभाष नंबर पता चला जिन से संपर्क कर बच्चे को सुपर्द कर दिया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के आपसी सहयोग से बच्चा परिजनों से मिला, परिजन बहुत खुश थे।

# गौ वंश की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, गौ सेवकों ने जेसीबी से मिट्टी दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन के समीप एक गौ वंश ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। गौ रक्षा दल के गौ भक्त लक्की वत्स, ऋतिक सैनी, विशु हुड्डा, अंकुश, गोकुल भारद्वाज ने गौ वंश को जेसीबी मंगवाकर जमीन में दबवाया। लगातार गाय व गौ वंश के चपेट में आने के कारण गौ रक्षा दल के सदस्यों ने रेलवे प्रशासन से ट्रैक के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा सुरक्षा दिवार बनाए जाने के बाद गौ वंश की जान की रक्षा होगी वही और रेलवे की सुरक्षा और बेहतर बनेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। लक्की वत्स ने बताया कि जब भी रेलवे ट्रैक पर गाय व गौ वंश ट्रेन की चपेट में आता है तो रेलवे प्रशासन व जीआरपी से ट्रैक के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा गौ वंश ट्रेन की चपेट में आने के मामले रेलवे स्टेशन के आसपास आते है।



# मातृ दिवस समारोह में मातृभूमि और मातृ प्रेम का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खुबड़ू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में मातृ दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने माताओं के त्याग और समर्पण पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को कृतज्ञ रहने का संदेश दिया। छात्रों ने कविताएं, नाट्य प्रस्तुतियां और गीतों के माध्यम से मातृ प्रेम का सुंदर प्रदर्शन किया।

# श्रीकृष्णा स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में मातृ दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की।

मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल में मातृ दिवस पर कविता वाचन, भाषण व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के सभी पांचों हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कविता वाचन प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद हाउस से इशिता प्रथम, कल्पना चावला हाउस से गरिमा ने दूसरा व एपीजे अब्दुल कलाम हाउस से राधिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



वहीं भाषण प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद हाउस से तमन्ना प्रथम, सुभाषचंद्र बोस हाउस से हर्षिता ने दूसरा व भगत सिंह हाउस से अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि क्विज प्रतियोगिता में बानी, तन्नू, निव्यांशी, लावनिया व काव्या ने सबसे अधिक अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता बढ़ती है एवं एक-दूसरे के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थी बहुत जल्दी सीख पाते है। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि मां परिवार की रीढ़ होती हैं जो पूरे परिवार को बांधती हैं।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया गया मातृ दिवस

**कुरुक्षेत्र /टीम एक्शन इंडिया**
आज गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालकों के मन में अपनी मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम जगाना तथा माताओं को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ दयानंद सदन द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया कि- मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें सारा संसार व्याप्त है

# छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने शुक्रवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव किवाना के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है।



पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है।

समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है।

इस दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे

# राजकीय स्कूल दातौली में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संगोष्ठी आयोजित

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव दातौली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा रहे। जबकि मुख्य वक्ता नरेंद्र भारतीय थे। विशिष्ट अतिथि शेलेंदर तोमर भी उपस्थित रहे। नरेंद्र भारतीय ने एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आर्थिक मजबूती और समय की बचत होगी। उन्होंने लोगों में इस विचार के प्रति जन भावना जागृत करने का आह्वान किया। नेहरा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने से वोट प्रतिशत में वृद्धि और प्रशासनिक तंत्र का सही उपयोग होगा। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि लोकेश गोस्वामी, प्राचार्य विवेक शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव कामरा आदि मौजूद रहे।

# मार्किटिंग सोसाइटी डायरेक्टर ने खाद धांधली की अधिकारियों को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
नई अनाज मंडी स्थित दी गन्नौर कापरेटिव मार्किटिंग सोसाइटी द्वारा युरिया खाद की ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए किसानों की शिकायत पर पहुंचे दी गन्नौर कापरेटिव मार्किटिंग सोसाइटी के डायरेक्टर ने संबधित विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाते हुए कार्रवाई की मांग की। डायरेक्टर जयदीप मलिक का आरोप है कि सोसाइटी में पड़े यूरिया खाद के कट्टों के स्टाक व सेल की जांच हो तो घोटाला उजागर हो सकता है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उनके पास किसानों ने सूचना दी कि एक ही आदमी को 16-16 कट्टे दिए जा रहे है। इसके अलावा एक ही आदमी की पिछल्ले दरवाजे पूरी ट्राली कट्टों की 216 कट्टे जो माहरा में एक किसान को दे दी। इसके अलावा अनाज मंडी में ही बीज भंडार की दुकान पर सैकड़ों कट्टे सोसाइटी के पिछल्ले दरवाजे से ट्राली में भरकर उसकी दुकान पर उतारे जा रहे थे। डायरेक्टर जयदीप ने अधिकारियों को अवगत करवाया कि सोसाइटी में आकर उन्होंने खाद वितरण कर रहे कर्मचारी से बात की तो उन्होंने गलत व्यवहार करते हुए कहा कि उनका जन प्रतिनिधि तो कुछ बिगाड़ नही पाए, खाद वितरण करने का उनका काम है, अपने हिसाब से करेंगे। डायेक्टर मलिक ने कहा कि वे संबधित विभाग के मुख्यालय में भी खाद की धांधली की शिकायत करेंगे।





खाद की ब्लैक मैलिंग की उन्हें भी दी शिकायत : कृषि अधिकारी

- खंड कृषि अधिकारी आन्नद श्योराण ने बताया कि सोसाइटी के निदेशक ने उन्हें भी खाद की धांधली की शिकायत दी है। एक ही किसान की ट्राली भरना और दूसरों को न मिलना गलत है। उनके विभाग के दूसरे अधिकारी है, वे उन्हें भी अवगत करवाएं।

एक गांव के 7 किसानों को दिए है खाद के कट्टे : मैनेजर

- सोसाइटी के मैनेजर प्रवीन राणा ने बताया कि जो खाद की ट्राली भरी है वह माहरा गांव के सात किसानों को खाद दी है। किसान कही का भी खाद ले जा सकता है, अगर यहां के किसान मना करेंगे तो हम नही देंगे।

वे कल आकर पूरे मामले की पूरी जांच करेंगे कि पूरामामला क्या था।

# माता-पिता की पुण्यस्मृति पर विद्यालय में लगवाया टीन शैड

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कैमला में विज्ञान अध्यापक मास्टर मनवीर सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय नरपत सिंह तंवर एवं स्वर्गीय माता अंगूरी देवी की पुण्यस्मृति में विद्यालय में टीन शैड का करवाया हैं। टीन शैड का उद्घाटन पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र सिंह यादव ने रिबन काटकर किया। डॉ. राजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा की महत्वपूर्णता और सामाजिक कार्यों में सेवा एवं समर्पण भाव के साथ अनेक प्रेरक प्रसंग बताए, विद्यार्थियों जीवन की दशा और दिशा दोनों को बदल देते हैं तथा विद्यालय में सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को पांच टीमों में बांटा गया। टीम-सी सविना, कार्तिक, निधि, विवेक, हीना, पूर्वा 80 अंकों के साथ प्रथम रहें। जबकि रितु, मानवी, मयंक, जिया, नकुल की टीम-ए 75 अंकों के साथ द्वितीय रहीं। इसके अलावा टीम-ई पुनीत, नव्या, प्रदीप, परी, जयंत तृतीय स्थान पर रहें।



# राजधानी कॉलेज का 61वां वार्षिक दिवस उत्साहपूर्वक हुआ सम्पन्न





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय का 61वाँ वार्षिक दिवस समारोह कॉलेज के मुख्य सभागार में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कैंसर वैज्ञानिक एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के कुलपति प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजज (महाविद्यालय अधिष्ठाता) प्रो. बलराम पाणि, कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन पाण्डेय सहित अनेक महत्वपूर्ण विद्वान उपस्थित रहे। समारोह के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन पाण्डेय ने सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हुई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और देश व समाज के लिए सदैव तत्पर रहने का आहवान किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति से हमें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की सीख मिलती है। प्राचार्य प्रो. पाण्डेय ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक और सक्रिय रहें। अंत में उन्होंने सभी को आगामी सत्र के लिए भी शुभकामनाएँ देते हुए महाविद्यालय को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गौतम बुद्ध विश्व विद्यालय, ग्रेटर नोएडा के कुलपति प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में पर्यावरण और तकनीकी विज्ञान के समन्वय को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, उसमें तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संतुलन को साथ लेकर चलना अनिवार्य हो गया है। प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विज्ञान जहाँ जीवन को सुगम और उन्नत बनाने का माध्यम है, वहीं अपने शरीर व मन की समझ तथा पर्यावरण का संरक्षण जीवन की निरंतरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए आज के समय में दोनों को न केवल अकादेमिक स्तर पर जानने और समझने की आवश्यकता है बल्कि विद्यार्थियों को अपने जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाने की भी आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजज (महाविद्यालय अधिष्ठाता) प्रो. बलराम पाणि ने कॉलेज के 61वें वार्षिक समारोह की सभी को बधाई देते हुए इस अवसर को आत्ममूल्यांकन का अवसर बताते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, शोध और सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए आगे आने हेतु प्रोत्साहित किया।

# महेन्द्रा पार्क: संजय नगर में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के आजादपुर** मंडल में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस मौके पर में वार्ड-16 आजादपुर मंडल की निगम पार्षद सुमन शर्मा, आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इंद्रमुखी, शक्ति केंद्र से संजय राघव, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी संजय राघव के यहां पर किया गया।

इस दौरान जहां एक ओर लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों में मिठाईयों का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी संजय राघव ने बताया कि आज महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और इतिहास और महापुरूषों की जानकारी दें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि सभी को महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# मानसून से पहले मैनुअल स्कैवेंजर को लेकर सर्वे और वर्कर्स को पीपीई और सेफ़्टी किट देने का काम करें पूरा: रविन्द्र इन्द्राज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाज कल्याण,** एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार पर प्रतिबंध और उनका पुनर्वास अधिनियम और नमस्ते योजना को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बैठक में शहरी विकास, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैनटोनमेंट बोर्ड, दिल्ली जल बोर्ड, एससी/एसटी कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जिलों के डीएम/ प्रतिनिधियों को नमस्ते योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने मैनुअल स्कैवेंजर (हाथ से मैला ढोने वाले) को लेकर सर्वे मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है की गरीब और वंचित वर्ग को पर्याप्त सम्मान और पूरी सुरक्षा मिले, इस दिशा में चल रही नैशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इको सिस्टम (नमस्ते) योजना के तहत सभी सीवर एण्ड सेप्टिक टैंक वर्कर्स के लिए पीपीई किट और सेफ्टी डिवाइस मानसून से पहले उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करें।

साथ ही एमसीडी को अनियमित कॉलोनियों में सैनेटरी इन्स्पेक्टर के जरिए सर्वे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने मैनुअली सीवर साफ करने वालों के लिए प्रशिक्षण और पुनर्वास के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने पर्याप्त इमरजेन्सी रिस्पान्स सैनिटेशन यूनिट गठन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर एण्ड सेप्टिक टैंक वर्कर्स को आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य कवर भी हो, यह सुनिश्चित करें।

रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि स्टेट लेवल सर्वे कमिटी के गठन की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इसकी बैठक होगी।

एससी/एसटी कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए कि सीवर एण्ड सेप्टिक टैंक वर्कर्स की क्षतिपूर्ति के पेंडिंग मामलों का सभी संबंधित डीएम समयबद्ध निपटारा करें।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र: गंदगी से पटा बुराड़ी और लोगों में पनप रही है बिमारी: नरेंद्र सोनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र दिल्ली की सबसे पुरानी व प्राचीनकाल विधानसभा में से एक है, जिसका इतिहास भगवान श्री कृष्ण और पांडवकालीन है, लेकिन सरकार की लापरवाही के चलते यहां की दुर्दशा बद से बत्तर हो चुकी है, यहां पर रहने वालों लोगों का ध्यान न तो पूर्व की केजरीवाल सरकार ने रखा और न ही वर्तमान की भाजपा सरकार का ध्यान। यहां रहने वाले लोगों की समस्याओं की ओर गया है। उक्त बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता नरेंद्र सोनी ने कही। इसके साथ ही सोनी ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र पिछले 11 सालों से विकास को तरस रहा है। क्षेत्रीय विधायक ने कभी भी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है।

# वजीरपुर वार्ड: निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने पार्कों में चलाया सफाई अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर वार्ड** की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के द्वारा पार्कों में सफाई अभियान चलाते हुए पार्कों की विशेष रूप से सफाई करवाई गई। उन्होंने आगे बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर पार्क में कूड़ा उठवाया गया और साथ ही वर्क्स विभाग के कर्मचारियों को भी पार्क में पड़े मलबे को उठाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने लोगों से कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# सिसोदिया चौपाल में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजपूत युवा संगठन बख्तावरपुर दिल्ली द्वारा सिसोदिया चौपाल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जिसमें सभी राजपूत, सिसोदिया समाज के बुजुर्गों, युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह सिसोदिया अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, आलोक सिंह ठाकुर, अभिषेक कुमार सिंह राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) को बुजुर्गों और युवाओं ने पटका, फूलमाला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मास्टर सिंहराम सिसोदिया, दयाचंद सिसोदिया, प्रधान विजय सिंह सिसोदिया, वेद राम, सूरजभान सिसोदिया, सुनील सिसोदिया, सतपाल सिंह, संजय सिंह, शक्ति सिंह सिसोदिया, तेजराम सिसोदिया, संदीप सिसोदिया, जगबीर सिंह, जसवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, ताराचंद, पंकज राहुल सिसोदिया व राजपूत युवा संगठन के सभी आयोजकों ने कार्यक्रम आए हुए सभी का स्वागत किया और भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने सभी का आभार व धन्यवाद व्यक्त प्रकट किया। इस दौरान सभी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर शत-शत नमन किया और कहा कि महाराणा प्रताप अमर रहे, महाराणा प्रताप अमर रहे, जय भवानी, जय भवानी के नारों के साथ सिसोदिया चौपाल बख्तावरपुर दिल्ली में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री ने आतंकवाद को बताया साझा वैश्विक खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। रूसी दूतावास में** द्वितीय विश्व युद्ध में फासीवाद पर विजय दिवस यानी विक्टरी डे की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दिन को स्मरण, आशा और वैश्विक सहयोग का प्रतीक बताया।

साथ ही, उन्होंने आतंकवाद पर भारत के स्पष्ट और दृढ़ रुख को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा और कहा कि यह साझा वैश्विक खतरा है।

**मंत्री ने कहा**

**विदेश मंत्री ने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है।**

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है कि यह एक साझा वैश्विक खतरा है।

हम उन सभी का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने भारत के साथ एकजुटता प्रकट की है और हमारी सख्त प्रतिक्रिया को समझा है। उनका यह बयान पहलगाम हमले और भारत की जवाबी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में अहम है। जिस प्रकार द्वितीय विश्व युद्ध के समय वैश्विक शक्तियां एकजुट हुई थीं, उसी भावना को आज पुनः जागृत करने की आवश्यकता है। आज का दिन सिर्फ विजय का नहीं, सहयोग और साझा जिम्मेदारी की भावना को दोहराने का दिन है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने भारत के ऐतिहासिक योगदान का भी उल्लेख किया, जिसमें भारतीय सैनिकों की भूमिकाएं बर्मा, उत्तरी अफ्रीका, इटली और पर्शियन कॉरिडोर तक फैली थीं।

# भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली जय हिन्द यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के आव्हान पर दिल्ली के कोने-कोने से कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुँहतोड़ जबाव दे रही भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के सम्मान में जय हिन्द यात्रा निकाली।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपना सर्वस्व समर्पित कर रही भारत की थल, जल और वायु सेना का मनोबल बढ़ाने और उसे मजबूत करने के लिए पूरा देश एकजुट होकर भारतीय सेना के साथ खड़ा है।

जय हिंद यात्रा को कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, संगठन महासचिव के.सी. वेनुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और पवन खेड़ा ने तिरंगा दिखाकर जंतर मंतर से यात्रा शुरू की। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव सचिन पॉयलट और दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन भी मौजूद थे। जय हिन्द यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सुप्रिया श्रीनते, महिला अध्यक्ष अल्का लांबा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब, एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलौठिया, डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, संदीप दीक्षित, डा. उदित राज, रमेश कुमार, रागिनी नायक, गुरदीप सिंह सप्पल, मनीष चतरथ, रोहित चौधरी, योगानन्द शास्त्री, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, भीष्म शर्मा, हसन अहमद, सुरेन्द्र कुमार, कुंवर करण सिंह, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, सेवादल अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, कांग्रेस नेता जेएस नेयोल, ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी सहित हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल थे।

# शिक्षक बोले निरीक्षण के नाम पर बर्दाश्त नहीं होगा उत्पीड़न

**बैठक**

**पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई की एक बैठक शिक्षक भवन पर आयोजित की गई।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई की एक बैठक डेम्पियर नगर स्थित लाल स्कूल शिक्षक भवन पर आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जनपद में विभिन्न भर्ती प्रक्रिया में नवनियुक्त अध्यापकों के एरियर का भुगतान पिछले चार वर्षों से लंबित है। विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में चर्चा के प्रमुख बिंदु दिसंबर सन 2024 तक दस वर्षों तक की सेवा पूर्ण कर चुके अध्यापकों का चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतनमान स्वीकृत करना लंबे समय से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर लंबित है। इसके अलावा 60 एवं 62 वर्ष के शिक्षकों के विकल्प की स्वीकृति के आदेश भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। उक्त का समाधान करने की मांग की गई। शिक्षकों के वेतन भुगतान में अकारण ही विलम्ब होता है। कभी भी शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह की एक तारीख को भुगतान शासनादेश होने के आदेश के बावजूद भी कभी भी समय से समय से वेतन का भुगतान नहीं होता है। इस पर शिक्षकों ने नाराजगी व्यक्त की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों के उत्पीड़न पर समस्त पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने कहा कि समय से पहले निरीक्षण करने एवं निरीक्षण के समय विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति होने के बावजूद भी लगातार वेतन रोके जाने वाली कार्यवाही कर उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र

## गांव अलीपुर खालसा में चोरों ने 6 दुकानों में लगाई सेंध



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** रात के अंधेरे में जिले के गांव अलीपुर खालसा में चोरों ने एक के बाद एक 6 दुकानों के ताले तोडकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। स्कूटी सवार दो युवक गांव में दुकानों पर पहुंचे और दुकानों के बाहर लगे ताले तोड़ते रहे। सबसे पहले उन्होंने लक्ष्य किराना स्टोर का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर नकदी, मोबाइल और कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके बाद आसपास की 5 और दुकानों को भी निशाना बनाया।
गांव के मनोज कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह कल रात साढ़े 9 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था। रात करीब ढाई बजे दो युवक काले रंग की स्कूटी पर आए। उनमें से एक ने काले कपड़े से चेहरा ढका हुआ था और दूसरा हेलमेट पहने था। दोनों ने पहले उसकी दुकान का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर 15 हजार रुपए नकद, 20 हजार का सामान और एक सैमसंग स्मार्टफोन चोरी कर लिया। चोरी की घटना फैक्ट्री के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। मनोज ने बताया कि वह सुबह करीब 5 बजे दुकान पर पहुंचा तो देखा कि न सिर्फ उसकी दुकान बल्कि आसपास की कई दुकानों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था।

## न्यूज़ फ्लैश

### भारत में 30 गीगावॉट की कुल क्षमता वाले घरेलू सोलर मार्केट के लिए हस्क ने बीम लॉन्च की




**गाजियाबाद।** हस्क ने खास तौर पर भारत में घरेलू छतों पर लगाए जाने वाले सोलर के लिए बीम के लॉन्च की घोषणा की। यह कंपनी बेहतरीन ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी। बीम पर हस्क का पूरा मालिकाना हक है और बीम पूरे देश में घरेलू ग्राहकों को टारगेट करेगी और इसके लिए सोलर सिस्टम डिजाइन के क्षेत्र में हस्क की दो दशकों की विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी डिजाइन, इंस्टालेशन और सर्विस का पूरा लाभ उठाएगी।
बीम के प्रॉडक्ट की पूरी रेंज इस तरह डिजाइन की गई है कि सभी घरों या ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सके। सही साइज के सिस्टम का सुझाव देने से लेकर जगह के हिसाब से सोलर के साइज को कस्टमाइज करने, बिजली जनरेशन से जुड़ा डेटा ऐक्सेस करने जैसी सुविधाओं के साथ बीम सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से शानदार सेवाएं उपलब्ध कराएगी। उपभोक्ता या ग्राहक अपनी जरूरतों का आसानी से आकलन कर सकते हैं, अपने लिए प्रॉडक्ट चुन सकते हैं, खरीदी और इंस्टालेशन बुक कर सकते हैं।
हस्क के सीईओ और को-फाउंडर मनोज सिन्हा कहते हैं, बीम का एआई पर आधारित डिजिटल प्लैटफॉर्म सोलर लगवाने की पूरी प्रक्रिया को बहुत आसान बना देता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे 15 साल पहले आईफोन ने मोबाइल कॉमर्स में क्रांति ला दी थी। सिन्हा आगे कहते हैं, ह्लहस्क की मंजिल यह नहीं है, बल्कि हम बीम की मदद से भारत के एनर्जी सेक्टर को वर्चुअल पॉवर प्लांट में बदलने का सपना रखते हैं जिससे देश में ऐसा एनर्जी सेक्टर बनेगा जिसमें सभी को जोड़ा जाएगा और सभी को शामिल किया जाएगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था की तरह ऊर्जा का निर्माण और उसकी खरीद-फरोख्त लोगों के हाथों में होगी।

### एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन



**फरीदाबाद।** सुरक्षित सड़कों और जिम्मेदार वाहन चलाने की सोच को आगे बढ़ाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरीदाबाद, हरियाणा में एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल में मॉडर्न स्कूल के 2400 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया, जहां इंटरैक्टिव सत्रों और व्यावहारिक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में सीखा गया। यह अभियान एचएमएसआई के उस व्यापक प्रयास का हिस्सा है जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों में सुरक्षा सर्वोपरि की मानसिकता विकसित करना है – शिक्षा और अनुभव के माध्यम से। इस अभियान का फोकस व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना था, जिसमें प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की मूल बातों से रोचक और सहभागी ढंग से परिचित कराया गया।
भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा में कुल 10,429 सड़क दुर्घटनाएं, 4,915 मौतें और 8,519 घायल रिपोर्ट किए गए। यह आंकड़े न केवल लापरवाही की गंभीरता को दशार्ते हैं, बल्कि यह भी स्पष्ट करते हैं कि देशभर में सक्रिय जागरूकता अभियानों की कितनी आवश्यकता है। फरीदाबाद में हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में सुरक्षित वाहन चलाने की आदतें विकसित करना था। इसमें सड़क सुरक्षा का सिद्धांत, हेलमेट जागरूकता गतिविधियाँ, स्थिर प्रदर्शन, खेल और प्रश्नोत्तरी जैसी कई इंटरैक्टिव गतिविधियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक संकेतों की जानकारी और छोटे व्यवहारिक बदलावों से कैसे बड़ा असर पड़ता है जैसे विषयों पर शिक्षाप्रद सत्रों में भाग लिया।

## नगर आयुक्त ने वार्ड 35 का किया निरीक्षण



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा वार्ड 35 के पार्षद तरुण सैनी के साथ डेम्पियर नगर स्थित भगत सिंह पार्क का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में समुचित साफ सफाई का कार्य कराये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। पार्क में आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण शौचालय का निर्माण कराये जाने एवं पार्क में लगे पौधों, वृक्षों की देखरेख किये जाने के लिये अतिरिक्त माली की तैनाती कराये जाने हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया। पार्क में आने वाले स्थानीय निवासियों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु शीतल जल प्याऊ को निर्माण कराने एवं पार्क में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ कराये जाने के लिये महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। पार्क में रात्री के दौरान पार्क की सुरक्षा हेतु गार्ड की तैनाती किये जाने तथा पार्क में निष्प्रयोज्य वेस्ट को हटाये जाने हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री अमरेन्द्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता, मौ. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल एवं डा. गोपाल गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फिरोजाबाद के युवक का था मथुरा में रेलवे ट्रेक पर मिला शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रेलवे लाइन पर मिला शव फिरोजाबाद के युवक का था। युवक मथुरा कैसे पहुंचा यह गुत्थी अब पुलिस के लिए भी उलझ गई है। परिजनों ने मथुरा पहुंच कर शव की पहचान सुनिश्चित की लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह सवाल भी खडा कर दिया कि युवक मथुरा कैसे पहुंच गया। जबकि वह यहां न रहता है और नहीं काम करता है। भूतेश्वर क्षेत्र में ट्रेन की पटरी पर फिरोजाबाद के युवक का क्षत विक्षत शव मिला है। परिजन ट्रेन से कटने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। फिरोजाबाद के पीपल नगर निवासी सोनू ने बताया है कि उनका भाई मोनू (24) फिरोजाबाद में ही किसी निजी कंपनी में काम करता था।

## भारत पाक तनाव के बीच हर स्तर पर पुख्ता तैयारी

**मथुरा//टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने ऑपरेशन सिंदूर को बिना किसी क्षति के सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय सेना को बधाई दी है। संगठन ने देश की सुरक्षा में लगे जवानों के शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए सेना के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त की है। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कहा कि आतंकी ताकतों को जवाब दिया जिन्होंने देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ा। हम सेना के साथ हैं। प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है। एक- एक फार्मासिस्ट यह सुनिश्चित करेगा कि रक्त की कमी न हो। सभी दस हजार यूनिट रक्त दान करने के लिए तैयार हैं। आवश्यक पड़ने पर और अधिक रक्तदान करेंगे। बैठक में वर्तमान हालात और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई और देश के नागरिकों से अपील की गई कि वे कोई ऐसा बयान या व्यवहार न करें जिससे सेना का मनोबल प्रभावित हो। बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि युद्ध की स्थिति में फार्मासिस्ट एसोसिएशन वीर सैनिको की देखरेख और रक्तदान की जिम्मेदारी उठाएगा। संगठन वह भारत सरकार के हर निर्णय के साथ खड़ा है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, राष्ट्रीय महासचिव वी.के.सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशिभूषण कुमार, राष्ट्रीय सचिव राजा राम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अर्जेश राज सिंह, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष तनिष्क त्यागी, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग साहू, उत्तर प्रदेश प्रभारी रजत राय, रजत सैनी, राजेश यादव, अनीश निगम, लोकेश कुमार, यूसुफ खान, महफूज खान विष्णु यादव आदि उपस्थित हुए।



**फोटो परिचय**- रक्तदान की अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह व प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार जानकारी देते हुए।

## बरसात से पहले डायवर्ट नाला मुख्य नाले से न जुड़ा तो होगी मुसीबत

**निरीक्षण**

**-बरसात से पहले हर हाल में डायवर्ट किये गये नाले को मुख्य नाले से जोड़ा जाए**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर मध्य रेलवे द्वारा मथुरा नगर में कराये जा रहे रेलवे लाइन विस्तार कार्य के दृष्टिगत डायवर्ट किये गये नाले का निरीक्षण नगर आयुक्त महोदय शशांक चौधरी द्वारा रेलवे विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा रेलवे विभाग के अधिशासी अभियंता से डायवर्ट किये गये नाले को पुनः जल्द से जल्द मुख्य नाले में जोड़े जाने के लिए कहा गया, जिस पर रेलवे विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा कहा गया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराकर नाले को पुनः स्थिति में कर दिया जायेगा।
मौके पर रेलवे लाइन विस्तार का कार्य कर रही फर्म को भी नगर आयुक्त द्वारा तीव्र गति से कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा बीएसए कॉलिज पुलिया से लेकर भूतेश्वर अण्डरपास तक सघन रूप से सम्पूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पाये गये सभी प्रकार के स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। बीएसए कॉलेज पुलिया से लेकर भूतेश्वर तिराहे तक नालों पर स्लैब लगी हुयी है, जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा कुछ कुछ अन्तराल पर स्लैब हटाकर तोड़कर नाले की सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा नाले में बांस डालकर नाले की गहराई एवं सिल्ट की जांच की गयी। बीएसए कॉलेज पर रोड पर नगर आयुक्त द्वारा सभी प्रतिष्ठान संचालकों को चेतावनी दी गयी कि अपने प्रतिष्ठान के आगे सामान रखकर एवं वाहन खड़ा कर अतिक्रमण न किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जब्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ जुमार्ने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। तत्पश्चात नगर आयुक्त महोदय द्वारा भूतेश्वर रेलवे अण्डरपास पर जलनिकासी हेतु स्थायी पम्प को क्रियाशील कराकर पम्प का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान पम्प क्रियाशील पाये गये। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, डा. गोपाल गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मौ. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेन्द्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता, मुनिदेव अवर अभियंता सिविल, प्रतिभा ओझा अवर अभियंता जल, मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा, सफाई निरीक्षक से विपिन सिंह, प्रवर्तन दल आदि नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

## भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर पुलिस की एड डिमांडरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** सावधान रहें , डरें नहीं - हवाई अड्डे पर हवाई हमले और अफवाहों के दौर में नागरिक क्या करें?

1. सबसे पहले जन संरक्षण संस्था है
- घर में सबसे सुरक्षित आरामदेह पहचान (जहाँ खिड़कियाँ न हों)।
क बाहर हो तो पास के मजबूत भंडार या मकान में जगह छोड़ दो।
- बाहरी और दौड़ने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग या वीडियो बनाना।

2. एक्वेट किट तैयार करने का स्थान
- पहचान पत्र, जरूरी दवाइयाँ, पानी, सूखा खाना, मोबाइल चार्जर, फ्लैशलाइट
- किट एक बैग में रखा जो तुरंत निकला जा सके।

3. अफवाहों से सलाह, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें
- सरकारी ऐप (एनडीएमए), आकाशवाणी, और डीडी न्यूज जैसे विश्वसनीय विश्वसनीयता से ही अपडेट लें।
- व्हाट्सएप, ट्विटर और फेसबुक पर फोटो समाचार की पुष्टि करें।

4. मानसिक संतुलन बनाए रखना
- दिन में 2 बार से ज्यादा खबरें न देखें।
- 4-4-4-4 बॉक्स ब्रीडिंग करें: 4 सेकंड सांस लें ? रोकें ? बाहर छोड़ें ? रोकें ? रिकार्ड।
- पूजा, प्रार्थना या ध्यान करें।
- बच्चों से डर की बात नहीं, अनोखे बनाए रखें (,पढ़ाई, कहानियाँ)।

## तहसील स्तर पर लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तहसील स्तर तक 10. मई दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।
उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार 10 मई को दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, मथुरा में भी किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने अपने न्यायालयों में किया जाना है।

## एडीएम से मिला नगर उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला। उनके कार्यालय में प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों व्यापारी नेता हेमेन्द्र गर्ग की हत्या में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध व अन्य मांगों के लिए जांच कमेटी के अध्यक्ष एडीएम वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारी नेताओं ने लिखा था कि हत्याकाण्ड की वजह बनी उक्त विवादित भूमि की जांच को अपर जिलाधिकारी वित्तव राजस्व की अध्यक्षता में बनी हाई पावर कमेटी कि जांच को सार्वजनिक करने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, पीड़ित परिवार को शास्त्र लाइसेंस व पीड़ित व्यापारी परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की। इसके अलावा प्रभावी यातायात प्लान व्यापार मण्डल के साथ बैठकर बनाया जायें, शहर में चल रहे आटोरिक्शा, ईरिक्शा द्वारा यात्रियों से मनमाने किराया वसूलने पर रोक लगा इन पर रेट लिस्ट लगाई जाये, शहर में भारी वाहनों को प्रवेश रात्रि में 9 बजे से प्रातरू 7 बजे तक रखा है किन्तु पुलिस द्वारा इस समय शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों व माल उतार कर जाने वाले वाहनों का भी चालान किया जा रहा है जो कि गलत है सन्दर्भ में ज्ञापन सौप प्रभावी कार्यवाही की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम चन्द्र खत्री, गुरमुखदास, महामंत्री सुनील सहानी, वरिष्ठ मंत्री विकास जिन्दल, नागेन्द्र वर्मा, लक्ष्मण कालरा, राजनारायण गौड, आलोक, राजेन्द्र गर्ग, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।



## रिफायनरी ने आंगनबाड़ी केंद्रों को बांटे शिशु रक्षक उपकरण

**उपकरण**

**आंगनवाड़ी केंद्रों को बीस लाख रुपए के चिकित्सा उपकरणों उपलब्ध कराये गए**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मथुरा, टर्मिनल द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को बीस लाख रुपए के महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों उपलब्ध कराये गए । एचपीसीएल ने अपने सीएसआर फंड से मथुरा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन को सामान उपलब्ध कराए गए उपकरण स्टेडियोमीटर इन्फैंटोमीटर, शिशु भार मापक, वयस्क भार मापक सहित अन्य सामान भी था। इन उपकरणों का वितरण सभी केंद्रों पर भेजा जाएगा।
यह एचपीसीएल की सीएसआर गतिविधि जनपद के बच्चों और वयस्कों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी में सुधार करने में मदद करेगी। इस अवसर पर, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, एचपीसीएल मथुरा टर्मिनल के लोकेशन प्रभारी पंकज कुमार झा और एचएसई अधिकारी नीतीश कुमार उपस्थित थे। जिले प्रधान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने एचपीसीएल की इस सीएसआर पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, कि यह दान, जो एचपीसीएल की सीएसआर गतिविधि का हिस्सा है, हमारे जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन उपकरणों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी कर सकेंगे। हम एचपीसीएल के आभारी हैं। एचपीसीएल मथुरा टर्मिनल के लोकेशन प्रभारी पंकज कुमार झा ने कहा मथुरा जिले के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए हमारी प्रतिबद्धता हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का अभिन्न अंग है। यह 20 लाख रुपये के चिकित्सा उपकरणों का दान हमारी सीएसआर गतिविधि का एक हिस्सा है, और हम भविष्य में भी इस तरह के सहयोग के लिए तत्पर हैं।

## मथुरा की 136 एकड़ में फैली इस गोशाला में हैं आठ हजार गोवंश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
136 एकड़ में फैली मथुरा की इस गोशाला में हैं आठ हजार गोवंष हैं। इनके चारे पानी और देखभाल की बडी जिम्मेदारी को यहां कार्यरत कर्मचारी बखूबी निभा रहे हैं। अधिकारी लगातार गौशाला का निरीक्षण करते रहते हैं जिससे कि किसी तरह की कोई स्थिति पैदा न हो। उप जिलाधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ग्रेवाल ने ब्रह्मऋषि श्री देवराहा बाबा निराश्रित गौ आश्रय स्थल राल का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला के प्रबंधक को निर्देश कि गौशाला की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करें। गौवंशों की चिकित्सक जांच, पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। उन्होंने हरा चारा, चोकर व भूसा के भंडार को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। सम्पूर्ण गौशाला में उत्कृष्ट साफ सफाई होनी चाहिए। उप जिलाधिकारी ने सभी गौवंशो की ईयर टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्रह्मऋषि श्री देवराहा बाबा निराश्रित गौ आश्रय स्थल राल में गौवंशो की संख्या, गौशाला कितनी बड़ी है आदि की जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि गौशाला में लगभग आठ हजार गौवंश है तथा गौशाला 136 एकड़ की है। उप जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि गर्मी लू के दृष्टिगत शेड, पेयजल, धूप से बचाव आदि सुविधाएं सुनिश्चित करे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# नरेला: भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन







## यूपीएससी परीक्षा में चयनित ब्राह्मण समाज के टॉपर्स को किया गया सम्मानित







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली की नरेला विधानसभा में ब्राह्मणों की सबसे बड़ी संस्था, श्री ब्राह्मण सभा नरेला ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी की महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में श्री ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र द्वारा इस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन 1992 से लगातार अनवरत रूप से आयोजित किया जा रहा है, जो समाज के प्रति सभा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर नरेंद्र कृष्ण शर्मा:** सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी और बाहरी दिल्ली के नामचीन शिक्षण प्रतिष्ठान आर के इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र कृष्ण शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह की शोभा बढ़ायी। इस दौरान अतिथियों का फूल माला, पटका और प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत किया गया।

**यूपीएससी परीक्षा में चयनित हुए ब्राह्मण समाज में बच्चों को किया गया सम्मानित**

इस विशेष अवसर पर यूपीएससी परीक्षा 2024 में 57वां रैंक हासिल करने वाली लावण्या गौड़ और 646वां रैंक प्राप्त करने वाले कुणाल हरितस का विशेष सम्मान किया गया। दोनों युवाओं की उपलब्धियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

**भगवान परशुराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलें:** कार्यक्रम में भजन सम्राट मांगे राम अत्री ने भगवान श्री परशुराम के भजनों की मधुर प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन दीपक कौशिक ने कुशलतापूर्वक किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में भगवान श्री परशुराम द्वारा दिखाए गए सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**भगवान परशुराम के आदर्शों को याद करने का अवसर है ऐसे समारोह : राजेश रामगोपाल शर्मा:** इस मौके पर श्री ब्राह्मण सभा नरेला क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश रामगोपाल शर्मा ने कहा, "यह आयोजन न केवल भगवान परशुराम जी के आदर्शों को याद करने का अवसर है, बल्कि समाज के युवाओं को प्रेरित करने का भी माध्यम है। हमारी सभा 1992 से इस कार्यक्रम को आयोजित कर रही है और भविष्य में भी इसे और भव्य रूप से मनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**ये लोग रहे मौजूद**

कार्यक्रम में राजेश रामगोपाल शर्मा अध्यक्ष, नन्द कुमार वत्स उप प्रधान, रमेश पाराशर सचिव, बनवारीलाल कौशिक कोषाध्यक्ष,जय भगवान शर्मा,दौलत राम भारद्वाज, विष्णु भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा, दीनदयाल शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, डा. सतीश शर्मा, डा. महेंद्र वशिष्ट, किरशन गौड़, मांगेराम शर्मा, सुखबीर, चांदराम पाराशर,उमेद कौशिक, संदीप शर्मा, लोकेश भारद्वाज, रविश भारद्वाज, मांगेराम अत्रि, दीपक शर्मा, हरपाल त्यागी, राकेश (नान्हा), महेन्दर कौशिक, सत्नारायण शर्मा, तेज प्रताप, नरेश भारद्वाज, अर्जुन भारद्वाज, प. हेमचंद्र अत्रि, बलदेव गौड़, महेश अत्रि,आनन्द प्रकाश अत्रि, श्याम सुन्दर भारद्वाज, महाबीर शर्मा, मनोज भारद्वाज, रामकिशन घोगा, लक्ष्मीनारण भारद्वाज, दिनेश भारद्वाज, राजकुमार भारद्वाज, प्रदीप धमावंर्शी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।





**राजेश राम गोपाल शर्मा, अध्यक्ष, श्री ब्राह्मण सभा नरेला:** भगवान परशुराम हम सबके मार्गदर्शक। यह आयोजन न केवल भगवान परशुराम के आदर्शों को याद करने का अवसर है, बल्कि समाज के युवाओं को प्रेरित करने का भी माध्यम है।




**पंडित दीनदयाल शर्मा, चेयरमैन, वैवाहिक बोर्ड ब्राह्मण समाज नरेला:** संस्था प्रति वर्ष भगवान परशुराम की जयंती मनाती है। संत मुनि किसी समाज से बंध नहीं होते। वे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।



**नंदकुमार वत्स, उप प्रधान, श्री ब्राह्मण सभा नरेला:** भगवान परशुराम ने हमेश सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। भगवान परशुराम हम सभी के आदर्श है। संस्था पिछले कई वर्षों से बेहतरीन कार्य कर रही है।



**राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सचिव, श्री ब्राह्मण सभा नरेला:** भगवान परशुराम दिव्य हैं। भगवान परशुराम ने हमेश सत्य का मार्ग चुना। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोने के ज्ञाता है। आज समय की मांग है कि हम सभी भगवान परशुराम के पदचिन्हों पर चलें।



**रमेश पराशर, सचिव, श्री ब्राह्मण समाज सभा नरेला:** हम सभी को भगवान परशुराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त दोनों के ज्ञाता हैं, वर्तमान हालात में भगवान परशुराम के विचार हमारे मार्गदर्शक हैं।



**जय भगवान शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार, श्री ब्राह्मण समाज सभा नरेला:** भगवान परशुराम के जीवन से हम प्रेरणा ले सकते हैं। सत्य और कर्त्तव्य के पालन के लिए भगवान परशुराम जाने जाते हैं। भगवान परशुराम हम सबके मार्गदर्शक हैं।

# सीएम योगी में है विजन, दृढ़ता और ऊर्जा: बंगा

- सीएम योगी से मुलाकात कर वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा हुए गदगद, राजधानी लखनऊ में हुए भव्य स्वागत से अभिभूत दिखे विश्व बैंक के अध्यक्ष
- कहा, यूपी में है मेरा ससुराल, यहां आकर लग रहा जैसे घर आया गया हूं , 12 साल बाद यहां आकर दिख रहा हर तरफ परिवर्तन: बंगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। लखनऊ में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा कि ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्जा है।



**विकसित भारत का आधार बनेगा विकसित यूपी**

अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी ही विकसित भारत का आधार बनेगा। बंगा ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को सराहते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए एक आदर्श स्थान बनाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का सोना हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

**वैश्विक मंच**

- उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भूमिका निभाएगा

# रिवर्स पलायन कर चुके लोगों को मिलेगा प्लेटफॉर्म: मुख्यमंत्री धामी

**भागीदारी**

- सक्रिय भागीदारी आने वाले समय में उत्तराखंड को देश के श्रेष्ठ राज्यों में स्थान दिलाएगी: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि राज्य में रिवर्स पलायन कर चुके लोगों के अनुभवों को साझा करने के लिए एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आने वाले समय में उत्तराखंड को देश के श्रेष्ठ राज्यों में स्थान दिलाएगी। यह भागीदारी नारी शक्ति के जुनून, हौसले और हुनर का सम्मान होगा। शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पलायन निवारण आयोग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य है कि अन्य लोग भी इन सफलताओं से प्रेरित होकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों के सुझावों को विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकें। मुख्यमंत्री ने सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा को निर्देशित किया कि वे रिवर्स पलायन कर चुके लोगों की सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म विकसित करने की दिशा में कार्य करें और उन्हें योजना निर्माण में शामिल करें। उन्होंने ग्रामीणों के स्थाई आजीविका के लिए कौशल विकास पर बल देते हुए स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की पहचान कर स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पेशेवर दक्षता प्रदान किया जाए, जिससे उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग बेहतर हो सके और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो। पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी ने बैठक में आयोग की ओर से किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अब तक लगभग 2,000 लोगों ने राज्य में रिवर्स पलायन करते हुए कृषि, पशुपालन, पर्यटन, होम स्टे, बागवानी और अन्य क्षेत्रों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाया है ।

# मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वैश्विक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी डीबीआरएस मॉर्निंगस्टार ने शुक्रवार को भारत की रेटिंग को स्थिर प्रवृत्ति के साथ बीबीबी में अपग्रेड किया है। एजेंसी ने भारत की अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'आर-2 (मध्य)' से बढ़ाकर 'आर-2 (उच्च)' कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वैश्विक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा, जारीकर्ता रेटिंग को बीबीबी (कम) से बढ़ाकर स्थिर प्रवृत्ति के साथ बीबीबी कर दिया है। अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'आर-2 (मध्य)' से बढ़ाकर 'आर-2 (उच्च)' कर दिया है। राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ निरंतर उच्च विकास और एक स्थायी बैंकिंग प्रणाली शामिल हैं।

